Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi
Ranchi ● Friday, 19 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 122 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**सुविचार**
दुनिया में हर व्यक्ति अलग है। इसलिए जो जैसा है, उसे वैसा स्वीकार करना सीखें।



08
कंगना रणौत की एरियल एक्शन...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 61,431.74 |
| निफ्टी | : | 18,129.95 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,745 |
| चांदी | : | 78.01 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### सिमडेगा में लाठी से पीट कर छोटे भाई को मार डाला

SIMDEGA : कुरडेग थाना क्षेत्र के खिंडा भंडार टोली में बड़े भाई ने छोटे भाई को लाठी से पीट कर मार डाला। साथ ही चौकीदार के साथ कुरडेग थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। जानकारी के अनुसार खिंडा भंडार टोली निवासी डेविड मिंज हर दिन घर में शराब पीकर आता था और बेटियों के साथ दुष्कर्म करने की बात करता था। साथ ही अपनी भाभी को भी रोज परेशान करता था। इससे परिवार वाले काफी परेशान थे। बताया जाता है कि गुरुवार को करीब 12 बजे घर के पास शराब पीकर अपशब्द बोल रहा था। इसी क्रम में बड़े भाई तरसीयूस मिंज ने आंगन में रखे लाठी से उसके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे डेविड की मौके पर ही मौत हो गयी। इसके बाद तरसीयूस गांव के चौकीदार के साथ कुरडेग थाना आया और सारी आपबीती थाना प्रभारी मुन्ना रमानी को बताया। थाना प्रभारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे सीएम हेमंत सोरेन



RANCHI : राष्ट्रीय नीति आयोग की 27 मई को दिल्ली में होने वाली बैठक में झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह शामिल होंगे। इसमें झारखंड सरकार का बकाया, कोयला रॉयल्टी सहित कई मुद्दों को फिर से गंभीरता से रखा जाएगा। सात महीने पहले हुई नीति आयोग के उपाध्यक्ष के साथ बैठक में भी झारखंड सरकार ने कई मुद्दों को उठाया था लेकिन इसको लेकर अभी तक कोई पहल केंद्र सरकार ने नहीं की है। इसलिए यह बैठक काफी अहम है।झारखंड सरकार की कई परियोजनाएं केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सरकार ने जल्द से जल्द इन परियोजनाओं पर सहमति की मांग की है, ताकि झारखंड के विकास की रफ्तार तेज हो सके। साथ ही केंद्र सरकार से बकाया चुकाने की मांग की जाएगी। जीएसटी कंपनसेशन के रूप में 1880 करोड़ रुपये बकाया, कोयला कंपनियों द्वारा राज्य में 53 हजार एकड़ जमीन का इस्तेमाल के एवज में बतौर टैक्स आठ हजार करोड़ रुपये की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई मामलों को झारखंड सरकार उठायेगी।

### हाई कोर्ट के फैसले का चैंबर ने किया स्वागत

RANCHI : झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने रांची नगर निगम और आरआरडीए से नक्शा पास करने पर लगी रोक हटाये जाने के हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। साथ ही चैंबर ने न्यायालय के प्रति आभार जताया है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने गुरुवार को कहा कि न्यायालय के इस फैसले के बाद रांची और आसपास के लोगों को बडी राहत मिलेगी। पिछले पांच माह से नक्शा पास करने पर लगी रोक के कारण आम लोगों के साथ ही डेवलपर्स, रियल एस्टेट के कारोबार से जुड़े व्यापारी और मजदूर प्रभावित हो रहे थे।

# भवनों का नक्शा अब 30 दिनों में होगा पास

## HC ने नगर निगम में नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक हटाई

SPECIAL REPORTER RANCHI : राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम में नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक हटा ली है। कोर्ट ने रांची नगर निगम में नक्शा स्वीकृति पर रोक हटाते हुए राज्य सरकार को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। जिसके तहत भवनों के नक्शा की स्वीकृति की प्रक्रिया 30 दिनों के भीतर पूरी हो जानी है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया की नक्शा स्वीकृति की कार्यप्रणाली में बदलाव लाया गया है। नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया को लोगों की परेशानी को देखते हुए शिथिल किया गया है। नक्शा स्वीकृति के लिए कई चरण में काम होगा। नक्शा स्वीकृति के लिए सबसे पहले ऑनलाइन तरीके से मैप की जांच होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने गिफ्ट डीड से संबंधित लाल चिंतामणि नाथ शहदेव एवं राधिका शहदेव की हस्तक्षेप याचिका पर सुनवाई के लिए 30 जून की तिथि निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं ज्ञानरंजन नाथ शाहदेव ने पैरवी की। वही रांची नगर निगम की ओर से प्रशांत कुमार सिंह एवं एलसीएन सहदेव ने पैरवी की।

बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि 20-30 रुपए प्रति वर्ग फीट चढ़ावा, तब पास होता है नक्शा शीर्षक से यह खबर छपी हुई है। इसमें कहा गया है की राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के लिए अधिकतम शुल्क 8 रुपया प्रति वर्ग फीट है लेकिन निकायों में तय शुल्क के अलावा 30 रुपए प्रति वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है।



### जेल में पत्नी और बच्ची से मिलने के लिए छवि रंजन ने मांगी इजाजत

जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस छवि रंजन की ओर से पीएमएलए कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। छवि रंजन अपनी पत्नी और बच्ची से सप्ताह में दो दिन मिलना चाहते हैं। इसकी अनुमति देने के लिए उन्होंने कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसपर गुरुवार को अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान छवि रंजन के अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि उन्हें सप्ताह में दो दिन परिवारवालों से मिलने दिया जाए। इस पर ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने इसका विरोध करते हुए दलील दी कि न्यायिक हिरासत में रह रहे किसी भी व्यक्ति को विशेष सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपित जेल में है, उसे जेल मैनुअल के मुताबिक ही सुविधा मिलती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने छवि रंजन की याचिका पर आदेश के लिए 22 मई की तिथि निर्धारित की है।

### विधानसभा ने हाईकोर्ट को बताया, बनाई गई है विधायकों की 7 सदस्यसीय कमेटी

**झारखंड विधानसथा में नमाज कक्ष आवंटित करने का मामला**

झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से दायर शपथ पत्र कोर्ट के रिकॉर्ड में नहीं आ सका था। जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी को फिर से जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 22 जून को निर्धारित की है।

विधानसभा के शपथ पत्र में बताया गया है कि विधानसभा में 7 विधायकों की सर्वदलीय कमेटी बनाई गई है जो विधानसभा में नमाज कक्ष के बारे में 31 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट देगी। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि देश के अलग-अलग राज्यों के विधानसभा से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगाई गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी पक्ष को देखते हुए इस संबंध में कमेटी अपना रिपोर्ट देगी।

यह देखा जा रहा है कि देश के किन- किन राज्यों के विधानसभा में नमाज कक्ष की व्यवस्था है। पूर्व की सुनवाई में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि प्रार्थी के आग्रह को देखते हुए एक कमेटी बनाई गई है। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है की झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष नहीं होना चाहिए। झारखंड सेकुलर राज्य है, किसी समुदाय विशेष के लिए विधानसभा में कक्ष नहीं होना चाहिए।

# झारखंड में एक जून से 75 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ेगी बिजली दर

जेबीवीएनएल ने की बिजली टैरिफ पर सारी औपचारिकताएं पूरी

नियामक आयोग मई के अंतिम सप्ताह में जारी करेगा नया टैरिफ

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में एक जून से बिजली की दरें बढ़ जाएंगी। जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर जनसुनवाई सहित अन्य सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। मई के अंतिम सप्ताह में किसी भी दिन झारखंड विद्युत नियामक आयोग नया बिजली टैरिफ ऑर्डर जारी कर देगा। यह बढ़ोतरी वर्तमान बिजली दर से 25 पैसे लेकर 75 पैसे प्रति यूनिट तक हो सकती है।

**चार वित्तीय वर्ष से नहीं बढ़ी है बिजली दर :** झारखंड में अभी वित्तीय वर्ष 2019-20 का ही बिजली टैरिफ लागू है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में आयोग ने कोरोना को देखते हुए जेबीवीएनएल के बिजली टैरिफ पर कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। इसके बाद जेबीवीएनएल हर साल नवंबर में विभिन्न वित्तीय वर्ष के लिए बिजली टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव देते रहा। वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 का टैरिफ अभी आयोग के पास लंबित है। चूंकि लगातार दो साल तक आयोग पूरी तरह डिफंक्ट था, इसलिए आयोग ने कोई निर्णय नहीं लिया। इस साल चेयरमैन और मेंबर बहाल होने के बाद वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर आयोग ने कार्यवाही शुरू की। स्टेट एडवाइजरी कमेटी की बैठक सहित जनसुनवाई आयोजित हुई। अब 2021-22 के बिजली टैरिफ पर आयोग अपना निर्णय लेने को तैयार है।



**शेष बचे दो वित्तीय वर्ष पर आयोग इन बिंदुओं पर ले सकता है फैसला :** वित्तीय वर्ष 2021-22 के टैरिफ जारी होने के बाद नियामक आयोग शेष बचे दो वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 पर जल्द फैसला ले सकता है। इस संबंध में आयोग के टेक्निकल मेंबर अतुल कुमार ने बताया कि 2021-22 का टैरिफ प्रोजेक्टेड एकाउंट के आधार पर लिया जा रहा है। चूंकि यह 1 जून 2023 से लागू होगा, इसलिए इसमें शेष बचे वित्तीय वर्ष का प्रोजेक्ट एकाउंट का लेखा-जोखा शामिल होगा। जेबीवीएनएल से ऑडिटेड एकाउंट मांगी गयी है। अगर समय से सही ऑडिटेड एकाउंट मिल गया, तो शेष बचे दो वित्तीय वर्ष के टैरिफ पर कार्यवाही हो सकती है। नहीं तो फिर आयोग जेबीवीएनएल द्वारा नवंबर में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दाखिल किए जाने वाले नया बिजली टैरिफ को मिलाकर समेकित रूप से फैसला ले सकता है। बतातें चलें कि हर वर्ष 30 नवंबर तक नए वित्तीय वर्ष का जेबीवीएनएल द्वारा बिजली टैरिफ आयोग में फाइल करना अनिवार्य है।

# तस्करी का आरोपी गिरफ्तार एक लाख की अफीम बरामद

**पिस्टल, बाइक और चाकू बरामद**

CRIME REPORTER RANCHI : सोनाहातू थाना पुलिस ने एक लाख रुपये के अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम ज्योति लाल महतो है। वह सरायकेला-खरसावां जिले के चौका थाना क्षेत्र के डुंगरीडीह का रहने वाला है। इसके पास से एक किलो 250 ग्राम अफीम, एक चाकू, एक देशी पिस्टल और बिना नंबर प्लेट का यामहा आर वन फाइव बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सोनाहातू थाना के भकुआडीह चौक की ओर अवैध रूप से अफीम का कारोबार करने वाले दो तस्कर एक बाइक पर जा रहे हैं। सूचना के बाद एसडीपीओ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि बुंडू और तमाड़ से अफीम खरीदकर ला रहा था। उसने अपने साथी के बारे में पुलिस को जानकारी दी है। पुलिस उसके साथी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



गिरफ्तार आरोपी के साथ पुलिसकर्मी ● फोटोन न्यूज

# एनटीपीसी के अधिकारी शरत बाबू हत्याकांड का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

PHOTON NEWS HAZRIBAAG : पुलिस ने एनटीपीसी की अधिकृत कंपनी रित्विक के अधिकारी शरत बाबू की हत्याकांड का उद्भेदन कर दिया। हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि इस हत्याकांड में अमन साहू गैंग का हाथ है। अमन साहू ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता भी स्वीकार कर ली है । हत्याकांड में शामिल रामचंद्र सोनी उर्फ रामा सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी ने बताया कि अमन साहू ने इस घटना को कोलकाता जेल में रहते हुए प्लान किया था तथा इसमें अभी तक सात अभियुक्त बनाए गए है। गिरफ्तार आरोपित से पुलिस पूछताछ कर घटना में संलिप्त अन्य आरोपितों को भी जल्दी ही गिरफ्तार कर लेगी। हालांकि अभी भी शूटर पुलिस गिरफ्त से बाहर है, जिसकी खोज की जा रही है। हत्या में प्रयोग किए गए हथियार भी अभी तक पकड़ में नहीं आया है। एसपी ने बताया कि इस घटना में जितने लोग भी शामिल थे सभी की पहचान कर ली गई है तथा जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते पुलिसकर्मी ● फोटोन न्यूज

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 3469 माध्यमिक शिक्षकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

SPECIAL REPORTER RANCHI : राज्यभर में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शुभारंभ के बाद राज्य सरकार झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में नई कड़ी जोड़ने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को 3,469 माध्यमिक शिक्षकों को टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। नियुक्त होने वाले सभी शिक्षक राज्य भर के सरकारी स्कूलों में पदस्थापित किए जायेंगे। स्कूलों में बच्चों को उनकी भाषा में शिक्षा देने के लिए स्थानीय भाषा के शिक्षकों को भी नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इसमें संताली, मुंडारी, कुड़ुख एवं अन्य भाषा शामिल हैं।

**रांची और पूर्वी सिंहभूम को सर्वाधिक शिक्षक :** जिलावार शिक्षकों की जरूरतों को देखते हुए सरकार उन्हें प्रस्थापित करने जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विषयों यथा इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में 779, संस्कृत में 398, भूगोल में 341, हिन्दी में 337, अर्थशास्त्र में 260, गणित एवं भौतिकी में 268, अंग्रेजी में 249, जीव एवं रसायन विज्ञान में 232, शारीरिक शिक्षा में 184, वाणिज्य में 118, संगीत में 97, उर्दू में 27, गृह विज्ञान में 50, संथाली में 42, बांग्ला में 29, कुड़ुख में 28, नागपुरी में 11, मुंडारी में 11, कुरमाली 04, उड़िया में 02, पंचपरगनिया में 01 तथा हो विषय में 01 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित होगा। जबकि रांची में सर्वाधिक 279, पूर्वी सिंहभूम में 263, धनबाद 240, सरायकेला - खरसावां में 230, गोड्डा में 228, पश्चिमी सिंहभूम में 200 समेत कुल 3, 469 शिक्षकों को राज्यभर के स्कूलों में पदस्थापित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में शैक्षिक उन्नयन एवं शैक्षणिक विकास को एक नई दिशा देने के लिए प्रत्येक ग्राम एवं पंचायत स्तर पर राज्य सरकार ने लीडर स्कूल की संकल्पना विकसित की है।



**झारखंड के हज यात्रियों की मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं**

# केंद्रीय हज कमिटी व झारखंड राज्य हज कमिटी के खिलाफ दर्ज होगी पीआईएल

SPECIAL REPORTER RANCHI : केंद्रीय हज कमिटी ने झारखण्ड के हाजियों के साथ धोखधड़ी किया है। केंद्रीय हज कमिटी ने 7 माह पहले आजमीन हज से हज फार्म भरवाया। जिसमें रांची से जेद्दा या रांची से मदीना डायरेक्ट फ्लाइट की बात की गईं थी। हज यात्रा शुरू होने से 15 दिन पहले अचानक यह घोषणा किया जाना की अब झारखण्ड के हज यात्री कोलकाता से सऊदी अरब जायेंगे। अंतिम समय में अचानक इस तरह के तुगलकी फरमान से दूर-दराज के हज यात्रियों की परेशानी बढ़ गईं है। इसके साथ ही हज यात्रियों की ऊपर 6643 रुपए का अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। इसके अलावा रांची से कोलकाता जाने के लिए आजमीन हज को अपनी खर्च से जाना होगा। हज यात्री जिसमें अधिकतर उम्रदराज पुरुष-महिला होते है। ग्रामीण क्षेत्रों के हज यात्रियों के लिए केन्द्रीय हज कमिटी का यह अनैतिक फरमान आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना से कम नहीं। आम जनता हेल्पलाइन मांग करती है की झारखंड राज्य हज समिति अपनी उदासीन और गैर जिम्मेदाराना रवैया को छोड़कर झारखण्ड के हाजियों के लिए रांची से कोलकाता कनेक्टिंग फ्लाइट की व्यवस्था करें। अन्यथा हम लोग केंद्रिय हज कमिटी और झारखण्ड राज्य हज कमिटी के खिलाफ झारखण्ड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे। हज यात्रियों की सुविधा और यात्रा को लेकर अपनी जिम्मेवारी निभाने में राज्य हज समिति पूरी तरह असफल रही। राज्य हज समिति के चेयरमैन डॉ इरफान अंसारी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्हें राज्य से हज पर जाने वाले हज यात्रियों की तनिक चिंता नहीं रही। वह सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटी चमकाने के लिए लोक लुभावन बयानबाजी में ज्यादा समय देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि अगर जल्द ही झारखंड के हज यात्रियों के लिए इम्बार्केशन पॉइंट रांची किया जाये अथवा रांची से कोलकाता कनेक्टिंग फ्लाइट दिया जाये या रांची हावड़ा ट्रेन में स्पेशल एसी बोगी हाजियों के लिए व्यवस्था की जाये। ऐसा नहीं होने पर आम जनता हेल्पलाइन केंद्रीय हज कमिटी और झारखंड राज्य हज कमिटी के खिलाफ जनहित याचिका दायर करेगी। आरोप लगाते हुए कहा कि हज कमिटी के अध्यक्ष डॉ इरफान अंसारी ने हज यात्रियों के सहुलत के लिए कोई भी ईमानदार पहल नहीं की और सिर्फ बयानबाजी करते रहें। उन्होंने इस बाबत कभी भी केंद्रीय हज कमिटी और केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय से संपर्क भी नहीं किया।




लोगों को जानकारी देते हज कमिटी के लोग ● फोटोन न्यूज

# किस नियोजन नीति के तहत होने जा रही शिक्षकों की नियुक्ति : दीपक प्रकाश

## BJP प्रदेश अध्यक्ष व सांसद ने राज्य सरकार से पूछा सवाल

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को नियोजन नीति के सवाल पर फिर एकबार मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा किया। प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते कहा कि 19 मई को खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में राज्य के 3469 हाई स्कूल शिक्षकों को स्कूली शिक्षा एवम साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नियुक्ति पत्र देने वाले हैं। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में मंच से राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता को बताएं कि ये नियुक्ति पत्र किस नियोजन नीति के तहत बांटे जा रहे।



मीडिया से बात करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश। ● द फोटोन न्यूज

जहां तक इन शिक्षकों की नियुक्तियों का सवाल है तो जनता और अभ्यर्थी जानते हैं कि यह नियुक्ति रघुवर सरकार की देन है। इससे संबंधित विज्ञापन पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के कार्यकाल 2016 में निकाला गया था। परीक्षाएं भी भाजपा सरकार में हुई थी लेकिन कतिपय कारणों से जब मामला न्यायालय में गया तो ये हेमंत सरकार ही है जिसने बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए महंगे वकीलों के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया का विरोध कराया। बावजूद इसके उच्चतम न्यायालय ने अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसले दिए और नियुक्ति हेतु राज्य सरकार को निर्देशित किया।

दीपक प्रकाश ने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया कि रघुवर सरकार की नियुक्ति प्रक्रिया संवैधानिक रूप से सही थी। एक तरफ यह सरकार नियोजन नीति के नाम पर बेरोजगारों को दिग्भ्रमित करती है दूसरी ओर नियुक्तियां बांटकर अपना पीठ भी थपथपाना चाहती है। आखिर साढ़े तीन वर्षों तक नियुक्तियों को लटकाने भटकाने का जिम्मेवार कौन है? क्यों इन नियुक्तियों के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए।

यह विचित्र सरकार है जो एक तरफ नियुक्ति प्रक्रिया का विरोध करने के लिए भी पैसा पानी की तरह खर्च करती है दूसरी तरफ उसी विज्ञापन से संबंधित नियुक्ति पत्र बांटकर विज्ञापन के माध्यम से करोड़ों रुपए खर्च कर अपना पीठ भी थपथपाती है। शिक्षक अभ्यर्थियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की जिम्मेवार हेमंत सोरेन सरकार है। आखिर तीन वर्ष बाद नियुक्ति होने के कारण हुई आर्थिक क्षति के लिए जिम्मेवार कौन है? राज्य सरकार खुद दिग्भ्रमित है। जनता को भी दिग्भ्रमित करती है। नई नियोजन नीति के नाम पर 20 से ज्यादा विज्ञापन इसी सरकार ने रद्द किए। जब रघुवर सरकार की नीति सही है तो फिर बाकी रद्द विज्ञापनों पर भी सरकार अपनी राय स्पष्ट करे। पंचायत सचिवालय सचिव की नियुक्ति भी न्यायालय के निर्देश के बावजूद यह सरकार लटकाए रखी है।

# पुलिस के खिलाफ पूर्व विधायक ने दिया धरना, पांच दिनों का दिया अल्टीमेटम

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ पुलिस प्रशासन की ओर से आम नागरिकों पर जुल्म किया जा रहा है। पुलिस अब सेवक की भूमिका में काम नहीं कर रही। यह बातें गुरुवार को एसपी कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना देते हुए पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने कही।




धरने पर बैठे पूर्व विधायक शंकर चौधरी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की हरकतें यह बता रही है कि वे एक शासक की तरह तानाशाही रवैया लोगों पर थोपना चाहते हैं। आम नागरिक पुलिस के पास न्याय की उम्मीद से जाता है। लेकिन पुलिस पूंजीपतियों के हाथों बिक कर काम कर रही है। उन्होंने रामगढ़ एसपी पर कई गंभीर आरोप लगाए और कहा कि जमीन के मामले में पुलिस अब पैसे वालों का साथ दे रही है। उनके एक सहयोगी चरण केवट पर रजरप्पा थाना क्षेत्र की जमीन को लेकर रामगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद अनुसंधानकर्ता सुरेन्द्र कुमार कुंतिया ने चरण केवट से रिश्वत की भी मांग की। जब वे लोग वह देने से इंकार कर गए तो पुलिस ने उनके साथ बदसलूकी की। इस मामले में जब पुलिस पदाधिकारियों से लिखित शिकायत की गई तब भी कार्रवाई नहीं होना एक गंभीर विषय है।

पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने कहा कि रजरप्पा थाना से महज कुछ ही दूरी पर हुए रमेश विश्वकर्मा हत्याकांड का खुलासा आज तक नहीं हो पाया है। गोला की एक महिला कुंती देवी ने अपने बच्चों के साथ कई दिनों तक धरना दिया। लेकिन उसके पति के हत्यारों को पकड़ने के बजाय पुलिस न्याय मांगने वालों को ही नजरअंदाज करती रही। अगर पांच दिनों के अंदर रामगढ़ एसपी इन सभी मामलों पर कार्रवाई नहीं करते हैं तो ग्रामीणों के साथ वे रामगढ़ थाना परिसर में मुंह पर पट्टी बांधकर धरने पर बैठ जाएंगे। पुलिस का जुल्म सहने के लिए रामगढ़ की जनता तैयार नहीं है। धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक शंकर चौधरी, भगीरथ नायक सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी आज आयेंगे रांची

**RANCHI :** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर सेवा विमान से पटना से रांची आयेंगे। एयरपोर्ट पर जदयू नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद चौधरी रांची से रामगढ़ के लिए रवाना होंगे। वहां जिला के कुंज्जु (नया मोड़) में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। उनके साथ प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। झारखंड प्रवास के दौरान 20 मई को चौधरी रामगढ़ के मां छिन्नमस्तिका मन्दिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद हजारीबाग जायेंगे। वहां आयोजित जदयू कार्यकताओं के सम्मेलन में शामिल होंगे। 21 मई को वह चतरा में जदयू कार्यकताओं के सम्मेलन में भाग लेंगे। चौधरी चतरा से सड़क मार्ग से बिहार वापस लौट जायेंगे। प्रवास के दौरान 19 और 20 मई को रात्रि विश्राम रांची स्थित राजकीय अतिथिशाला में करेंगे।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़, बूथ को करें मजबूत : एमेल तोमर



बैठक में उपस्थित एमेल तोमर व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH:** बहुजन समाज पार्टी की बैठक जिला परिसदन में गुरुवार को हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शीला देवी ने की। बैठक में झारखंड प्रदेश प्रभारी सह पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश के एमेल तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में जाकर बूथ कमेटी को मजबूत करें।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। क्योंकि चुनाव चाहे लोकसभा हो या विधानसभा का प्रत्याशी की जीत बूथ कार्यकताओं के प्रबंधन से ही होती है। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसको भी टिकट देगी कार्यकर्ता जिताने का कार्य करेंगे। बैठक में नंदू साहू, बड़कागांव प्रभारी सूरज कुमार, विक्की सोनी, प्रवीण सोनी, तारा देवी, आरती सिन्हा, विनोद सिंह, देवाशीष गुप्ता, रंजीत कुशवाहा, बादल खान, ललिता देवी, पप्पू खान, देवेंद्र साहू सहित कई उपस्थित थे।

# जंतर मंतर पर धरना दे रही बेटियों की बात नहीं सुन रही है सरकार : सुरजेवाला

**AGENCY NEW DELHI:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हक की लड़ाई के लिए जंतर मंतर पर धरना दे रहे खिलाड़ियों की करुण पुकार सुनने के लिये मोदी सरकार तैयार नहीं है। इससे पता चलता है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता में बेटियां और खिलाड़ी नहीं हैं।



जनता को संबोधित करते रणदीप सिंह सुरजेवाला व उपस्थित जनसमूह।

सुरजेवाल ने गुरुवार को ट्वीट कर सवालिया लहजे में कहा कि मोदी सरकार को देश की बेटियों की चीत्कार और न्याय की गुहार क्यों नहीं सुनाई देती ? पिछले 26 दिनों से अपने साथ हुई ज्यादतियों के लिए न्याय मांगने के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रही हैं।

आगे सुरजेवाला ने कहा कि उन्होंने देश की बेटियों व नामी पहलवानों के बीच पहुंचकर अपना पूर्ण समर्थन दिया। दुनिया में अपनी ताकत का लोहा मनवाने वाली इन बेटियों के संघर्ष में हम मन-वचन-कर्म से साथ हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आरोपित के खिलाफ कार्रवाई के मामले में चुप्पी क्यों साधे हुए है?

उल्लेखनीय है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। ऐसे में सिंह को सभी पदों से हटाने के लिए खिलाड़ी बीते कुछ दिनों से जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# कांग्रेस ने की कर्नाटक के सीएम की घोषणा, सिद्धारमैया को मिली कमान

**AGENCY NEW DELHI:** सिद्धारमैया को कांग्रेस ने कर्नाटक की कमान सौंप दी है। जबकि डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। इस बाबत कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने कहा कि हमारे दोनों नेताओं सिद्धारमैया और शिवकुमार में प्रदेश को चलाने की क्षमता हैं। दोनों ने कर्नाटक चुनाव में बहुत मेहनत की है। ऐसे में पार्टी ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री और डीके शिवकुमार कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री होंगे।

इस संदर्भ में वेणुगोपाल ने आगे कहा कि डीके शिवकुमार संसदीय चुनाव के अंत तक कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि 20 मई को शपथ ग्रहण समारोह होगा, जिसमें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों का एक समूह भी शपथ लेगा।

## कर्नाटक की प्रगति के लिये कांग्रेस प्रतिबद्ध : खड़गे

**NEW DELHI:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद को लेकर अंतिम निर्णय लेने के बाद डीके. शिवकुमार और सिद्धारमैया के साथ मुलाकात की तस्वीर साझा की है। तस्वीर में तीनों प्रसन्न मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। सिद्धारमैया कर्नाटक के नये मुख्यमंत्री होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने ट्वीट कर कहा कि 6.5 करोड़ कर्नाटक के लोगों से किये गए 5 गारंटी को लागू करेंगे। टीम कांग्रेस कर्नाटक के लोगों की प्रगति, कल्याण और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है।

खड़गे ने ट्वीटर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के दोनों उम्मीदवारों डीके. शिवकुमार और सिद्धारमैया के साथ एक फोटो साझा किया है। इस फोटो में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार पार्टी अध्यक्ष खड़गे के साथ खड़े हैं और मुस्कुरा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर जो विवाद चल रहा था, उसे कांग्रेस आलाकमान ने सुलझा लिया है। अब सिद्धारमैया कर्नाटक के नये मुख्यमंत्री होंगे। जबकि शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया जा रहा है।

## JP Nadda छत्रपति शाहू महाराज युवाशक्ति करियर मार्गदर्शन शिविर कार्यक्रम में हुए शामिल, बोले

# रोजगार के लिए युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण जरूरी

**AGENCY MUMBAI:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में हो रहे बदलाव के अनुसार शिक्षण प्राप्त करना समय की जरुरत है। रोजगार प्राप्त करने के लिए तकनीकी प्रशिक्षण आवश्यक है। औद्योगिक क्षेत्र में होने वाले नवीन परिवर्तनों और मांग के बारे में पता रोजगार प्राप्त करने वाले को होना चाहिए। इससे रोजगार का मार्ग और भी सरल हो जाएगा।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा गुरुवार को मुंबई में रविंद्र नाट्यमंदिर में राज्य सरकार की ओर से आयोजित छत्रपति शाहू महाराज युवाशक्ति करियर मार्गदर्शन शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख नौकरियां देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने 2 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंप चुके हैं। 13 लाख से ज्यादा लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। देश में कौशल्य विकास की आवश्यकता को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कौशल्य विकास मंत्रालय की स्थापना की है।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते जेपी नड्डा, सीएम एकनाथ शिंदे व अन्य।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्किल इंडिया मिशन की शुरूआत की, जिससे युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित किया जा रहा है, इसके फिर से प्रशिक्षण जरूरी है। दोबारा ट्रेनिंग के बाद फिर से अपग्रेड करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 1 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया, प्रशिक्षित उम्मीदवारों में 66 प्रतिशत महिलाएं थीं। यह बहुत अच्छी बात है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कौशल विकास को प्राथमिकता देने के लिए एक कार्यक्रम लागू किया है। स्टार्ट-अप में महाराष्ट्र अग्रणी है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि युवा पीढ़ी के बल पर देश एक महाशक्ति की ओर बढ़ रहा है, इसलिए देश का नाम पूरे विश्व में सम्मान से लिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर लाने का काम किया। इस समय देश में जी-20 की बैठकें चल रही हैं। यह देश के लिए गर्व की बात है कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के पास है। देश का भविष्य युवा पीढ़ी के हाथ में है, इसलिए युवा पीढ़ी को दिशा देने का काम किया जा रहा है। नई पीढ़ी को समय के कदमों को पहचानते हुए परम्परागत शिक्षा के साथ-साथ नवीन शिक्षा को अपनाना आवश्यक है। युवा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से हम युवाओं को उनके करियर में मार्गदर्शन करने और सरकार की विभिन्न योजनाओं को तक उन तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस शिविर में विद्यार्थियों को आवश्यक शिक्षा के साथ-साथ शिक्षा, छात्रवृत्ति और रोजगार के विभिन्न अवसरों के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता, माता-पिता की काउंसलिंग की जाएगी। राज्य में 75 हजार नौकरियां देने का लक्ष्य है । सारथी और महाज्योति के माध्यम से शिक्षा के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर सांसद मनोज कोटक, विधायक आशीष शेलार, विधायक मनीषा कायंडे, कौशल विकास विभाग की प्रधान सचिव मनीषा वर्मा, कौशल विकास विभाग के आयुक्त एन. रामास्वामी, व्यवसाय शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय के निदेशक दिगंबर दलवी, कौशल विकास विभाग के डॉ. अपूर्वा पालकर आदि उपस्थित थे।

## BRIEF NEWS

### एसपी सिंह बघेल को मिली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की जिम्मेदारी

**NEW DELHI :** केन्द्र में राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल को विधि एवं न्याय मंत्रालय से हटाकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव की ओर से गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की सलाह पर प्रो. एसपी. सिंह बघेल को विधि एवं न्याय मंत्रालय से हटाकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री के रूप में नियुक्त करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के स्थान पर अर्जुन राम मेघवाल को कानून मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है। जबकि किरेन रिजिजू को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### उपराष्ट्रपति 20 मई को होंगे पंजाब विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल

**NEW DELHI :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 20 मई को चंडीगढ़ जाएंगे, जहां वे पंजाब विश्वविद्यालय के 70वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, उपराष्ट्रपति व पंजाब विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अपनी यात्रा के दौरान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्यों और सीनेट सदस्यों के साथ कई बैठक भी करेंगे। उपराष्ट्रपति पंजाब विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, गैर-शिक्षक संघ और छात्र संघ के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति का पंजाब राजभवन जाने का भी कार्यक्रम है।

### हरियाणा के अंबाला से भाजपा सांसद रतनलाल कटारिया का निधन

**PUNJAB :** हरियाणा के अंबाला से भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रतनलाल कटारिया का गुरुवार तड़के पीजीआई चंडीगढ़ में निधन हो गया। उन्होंने 72 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली। वो कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनके निधन से भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रखर वक्ता एवं दलित नेता को खो दिया है। उनकी गिनती हरियाणा में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की टोली के प्रमुख नेताओं के रूप में होती रही है। भाजपा नेता कटारिया का जन्म 19 दिसंबर 1951 को हरियाणा के यमुनानगर जिले के गांव संधली में हुआ था। पांच दशक पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सार्वजनिक जीवन शुरू करने वाले कटारिया ने हरिजन कल्याण निगम के अध्यक्ष और गुरु रविदास सभा के अध्यक्ष का पद संभाला। रतन लाल कटारिया को करीब दो माह पहले बुखार हुआ था। उसके बाद फेफड़ों में दिक्कत के चलते पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया। यहां करीब डेढ़ माह उनका इलाज चला। कटारिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि पार्टी ने एक जुझारू नेता को खो दिया है। बहुत कम लोगों को पता है कि कटारिया कई अवसरों पर पार्टी के कार्यक्रमों में संगठन की मजबूती के लिए गीत गाते थे। उल्लेखनीय है कि देश मे जब पहली बार यूपीए की सरकार बनी तो चीनी के दाम बहुत बढ़ गए थे। इस पर कटारिया ने गीत लिखा-चीनी जांदी ए छलांगा मारदी, मेनू याद आई अटल सरकार दी। कटारिया का यह गीत पूरे हरियाणा में चर्चित हुआ था।

### सांसद रतन लाल कटारिया के निधन पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने जताया शोक

**BHUBANESWAR :** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने वरिष्ठ भाजपा नेता रतनलाल कटारिया के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि, 'भाजपा परिवार के वरिष्ठ नेता रतनलाल कटारिया के निधन से गहरा दुःख हुआ है। हरियाणा में भाजपा के विस्तार, सामाजिक न्याय और जनहित के प्रयासों को मजबूत करने के लिए उन्होंने आजीवन प्रयास किया। उनका जाना भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। ओम शांति।

### राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति ने रतनलाल कटारिया के निधन पर जताया दुख

**NEW DELHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद व पूर्व मंत्री रतनलाल कटारिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट कर कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोकसभा सांसद रतन लाल कटारिया के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। कटारिया की छवि एक लोकप्रिय जनसेवक की थी जो हरियाणा के विकास के लिए प्रयत्नशील रहे। उनके परिवार जनों व समर्थकों के प्रति मेरी गहन शोक-संवेदनाएं हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ट्वीट कर कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया के निधन से स्तब्ध हूं। लोगों के कल्याण के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता को हमेशा याद किया जाएगा। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।

### प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री ने रतनलाल कटारिया के निधन पर जताया दुख

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा सांसद व पूर्व मंत्री रतनलाल कटारिया के निधन पर गहरा दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि उन्हें सार्वजनिक सेवा और सामाजिक न्याय के लिए हमेशा याद किया जाएगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी कटारिया के निधन पर शोक व्यक्ति किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार सुबह ट्वीट कर कहा कि सांसद एवं पूर्व मंत्री रतनलाल कटारिया के निधन से बहुत दुख हूं। उन्हें सार्वजनिक सेवा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में समृद्ध योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने हरियाणा में भाजपा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। शांति। प्रधानमंत्री ने इस ट्वीट के साथ एक फोटो साझा किया है। इसमें प्रधानमंत्री के अलावा कटारिया हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी रतनलाल कटारिया के निधन पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि पूर्व केंद्रीयमंत्री एवं सांसद रतनलाल कटारिया के निधन से गहरा दुख हुआ है। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने जनता की एक समर्पित कार्यकर्ता के भाव से सेवा की। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने में उनकी सराहनीय भूमिका रही है।

### अर्जुन राम मेघवाल होंगे कानून मंत्री, किरेन रिजिजू को मिला पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

**NEW DELHI :** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के स्थान पर अर्जुन राम मेघवाल को कानून मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है। जबकि किरेन रिजिजू को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव की ओर से गुरुवार को इस बाबत जानकारी दी गई। प्रेस सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह पर मंत्रालयों में फेरबदल की अनुमति दी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का कार्यभार किरेन रिजिजू को सौंपा गया है। जबकि अर्जुन राम मेघवाल को कानून और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के कई ऐसे बयान थे, जिसमें उन्होंने न्यायपालिका के कामकाज पर प्रश्नचिन्ह लगाए थे।

### प्रधानमंत्री ने ओडिशा को दी 8,200 करोड़ रुपये की रेलवे की सौगात

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ओडिशा में 8,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं की शुरूआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पुरी और हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन ओडिशा के खोरधा, कटक, जाजपुर, भद्रक, बालासोर जिलों और पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर, पुरबा मेदिनीपुर जिलों से गुजरेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ओडिशा में शुरू की जा रही रेलवे परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और नागरिकों के लिए 'यात्रा में आसानी' बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि वंदेभारत ट्रेन आधुनिक भारत और आकांक्षी भारतीय दोनों का प्रतीक बन रही है। आज जब वंदे भारत गुजरती है, तो उसमें भारत की गति दिखाई देती है, प्रगति दिखाई देती है।

BRIEF NEWS

### तमाड़ पुलिस ने 2259 किलो अवैध डोडा किया बरामद

**RANCHI :** बुंडू अनुमंडल के तमाड़ थाना क्षेत्र के कुबासाल मार्केट के समीप पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर बुधवार देर रात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में 26वीं बहिनी सशत्र सीमा बल की सी कंपनी बसुकोचा तथा तमाड़ थाना के संयुक्त प्रयास में अवैध डोडा लदे एक ट्रक आरजे-19-जीई-5882 को पकड़ा। इस संबंध में एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि बरामद ट्रक में प्लास्टिक की लगभग 150 बोरियों में अवैध डोडा मौजूद था। कार्रवाई के दौरान अंधेरे का लाभ उटाते हुए ट्रक ड्राइवर जंगल की ओर भाग निकला। बरामद डोडा लगभग 2259 किलो बताया जा रहा है।

### झारखंड जगुआर में योग शिविर शुरू

**RANCHI :** रांची के टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुआर (एसटीएफ) में गुरुवार को योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में पूर्व मरीन कमांडो एवं शौर्य चक्र से सम्मानित योग गुरु प्रवीण तेवतिया, रामजीवन पांडे (योगा राज्य प्रभारी), सपन कुमार मजूमदार, चैताली मजूमदार ने जगुआर के वीर जवानों को संपूर्ण योग, प्राणायाम और विभिन्न आसनों के बारे में वृहद जानकारी दी। इसके अलावा जवानों को योग के फायदे के बारे में बताया गया। योग गुरु प्रवीण तेवतिया ने जवानों के उत्साहवर्धन के लिए प्रेरणादायक जानकारियां दी।

### झारखंड से चलने वाली कई ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**RANCHI :** झारखंड में गर्मी की छुट्टी व लगन के सीजन में ट्रेनों में भारी भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में अधिकांश ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। कई ट्रेनों तो रेलवे वे बुकिंग लेना बंद कर दिया है। इस वजह से कई यात्री यात्री अपने टिकट को कंफर्म कराने के लिए परेशान हैं। ऐसे में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने धनबाद, गोमो, बोकारो होकर चलने वाली कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की घोषणा की है। हावड़ा और सियालदह के साथ रांची से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। धनबाद, गोमो, बोकारो समेत आसनसोल व जसीडीह रूट से चलने वाली ट्रेनों के साथ हावड़ा और सियालदह से चलने वाली कुल 29 ट्रेनों में स्लीपर और एसी कोच जुड़ेंगे। 18624 हटिया - इस्लामपुर एक्सप्रेस में 19 और 20 को एक अतिरिक्त स्लीपर व एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच, 12825 रांची - आनंदविहार झारखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में 18 व 22 को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच। 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस का ठहराव 21 मई से सिमडेगा के बानो में होगा। वापसी में 13426 सूरत - मालदा टाउन एक्सप्रेस का ठहराव 23 मई से शुरू होगा।

### पंचायत सचिव पद के उम्मीदवारों का 19 मई को होगा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**RANCHI :** पंचायत सचिव पद के लिए चयनीत उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 19 मई को होगा। इस संबंध में रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पंचायत सचिव उम्मीदवारों का 19 मई सुबह 11 बजे से कचहरी रोड स्थित विकास भवन में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा। उम्मीदवारों को अपने साथ दो फोटो और डॉक्यूमेंट लाना अनिवार्य है। पंचायत सचिव के 1633 चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 24 मई को नियुक्ति पत्र देंगे।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## रिम्स में डॉक्टर और नर्स की स्ट्राइक के दौरान 28 लोगों की मौत मामले में हुई सुनवाई

# HC ने वन मैन कमिटी को तीन माह में जांच पूरी कर रिपोर्ट जमा करने का दिया निर्देश



**SPECIAL REPORTER RANCHI :** रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स की स्ट्राइक के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले की जांच को लेकर राज्य सरकार ने रिटायर्ड प्रधान डिस्टिक जज सज्जन कुमार दुबे की अध्यक्षता में वन मैन कमेटी गठित किया है। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से वन मैन कमिटी के गठन से संबंधित अधिसूचना जारी किए जाने की जानकारी हाई कोर्ट को दी गई। सके बाद कोर्ट ने वन मैन कमेटी को 3 माह में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। रिम्स प्रबंधन को वन मैन कमेटी को जांच में सहयोग करने एवं रिम्स में कार्यालय के लिए स्पेस उपलब्ध कराने, कंप्यूटर सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता मुख्तार खान ने पैरवी की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की। दरअसल, प्रार्थी की ओर से 28 मरीजों की हुई मौत मामले को लेकर कमेटी बनाकर जांच करने एवं इस घटना के रिस्पांसिबल लोगों के खिलाफ एक्शन लेने आग्रह कोर्ट से किया गया था। झारखंड छात्र संघ की ओर से यह जनहित याचिका दाखिल की गई है।

**क्या है मामला :** याचिका में कहा गया है कि 1 जून 2018 को एक पेशेंट का डेथ गलत ट्रीटमेंट की वजह से रिम्स में हो गया था। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने प्रोटेस्ट किया था। जिसके बाद जूनियर डॉक्टर और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी। जिसे लेकर रिम्स में 2 जून 2018 से जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों ने स्ट्राइक कर दिया था। स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया था। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गए थे। इलाज के बिना 28 मरीजों की भी मौत भी हुई थी। मामले को लेकर कोतवाली थाना में जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन जूनियर डॉक्टर एवं नर्स को नोटिस दिए जाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### विधायक चमरा लिंडा चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में बरी

एमपी/एमएलए कोर्ट से विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा को बड़ी राहत मिली है। एमपी एमएलए मामले के विशेष न्यायाधीश अनामिका किसकु की अदालत ने विशुनपुर के जेएमएम विधायक चमरा लिंडा को एक मामले में बरी कर दिया। उनके खिलाफ सरकारी आदेश एवं चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। अप्रैल 2022 में इस मामले में उनके खिलाफ आरोप गठित हुआ था। पूर्व में सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसले की तिथि गुरुवार निर्धारित की थी। 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान चमरा लिंडा पर गुमला थाना में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## कोर्ट का राज्य सरकार को आदेश- दिव्यांग बच्चों के लिए इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया 6 माह में पूरी करें

दिव्यांग बच्चों को झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षा से वंचित रखने को लेकर छाया मंडल की ओर से दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार के जवाब को देखते हुए याचिका निष्पादित कर दी। राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से शपथ पत्र दायर कर कर बताया गया कि दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति के रूल बनाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति कर ली जाएगी। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया 6 माह में पूरी कर ली जाए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी छाया मंडल ने अपने दिव्यांग बच्चे का एडमिशन रांची के सरकारी स्कूलों में कराने की कोशिश की थी, लेकिन उनके बच्चे का एडमिशन नहीं लिया गया। बाद में उन्हें पता चला कि राज्य के सरकारी स्कूल में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं है। जिसके बाद इनकी ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई। कहा गया है जिन माता-पिता के बच्चे दिव्यांग है उनके बच्चों को सरकार के स्कूलों में पढ़ाने अवसर मिलना चाहिए। शिक्षा के अधिनियम 2009 तथा राइट टू डिसेबिलिटी एक्ट 2016 के तहत सरकारी स्कूलों में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों का होना आवश्यक है, लेकिन राज्य के सरकारी स्कूलों में दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षक नहीं है। प्रार्थी की ओर से याचिका में कहा गया है की झारखंड सरकार द्वारा दिव्यांग 5 लाख बच्चों को पढ़ाने को लेकर एनजीओ को 30 से 40 लाख रुपए एनजीओ को दिया जाता है। इसके बाद भी दिव्यांग छात्र शिक्षा से वंचित है। एनजीओ द्वारा दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने में कोई रुचि नहीं दिखाई जाती है।

## राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा कोर्ट में दर्ज मामले में 2 सप्ताह बाद हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के वर्ष 2018 के अधिवेशन में टिप्पणी करने से जुड़े चाईबासा कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने समय की मांग की। जिस पर कोर्ट ने 2 सप्ताह का समय वादी को प्रदान किया है। प्रतिवादी प्रताप कुमार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा, अधिवक्ता विनोद कुमार साहू एवं अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पैरवी की। यह सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। दरअसल, यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है। जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है। इसे लेकर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायतवाद दर्ज कराई थी, जिस पर चाईबासा कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था। इसी संज्ञान आदेश को राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

## अभिषेक झा की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

मनरेगा घोटाले से अवैध कमाई करने के मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। जिसके बाद कोर्ट ने मामले को मैं फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं विभास सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में ईडी ने अनुसंधान पूरा करते हुए उनके चार्जशीट दाखिल कर दी है। ऐसे में उन्हें अग्रिम जमानत दी जाए। पूर्व में 5 नवंबर 2022 को ईडी की विशेष अदालत में अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका की गुहार लगाई गई है।

उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉउंड्रिंग मामले में निलंबित आईएएस पूजा

## MLA प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले का ट्रायल दुमका से बोकारो ट्रांसफर करने के मामले में हुई सुनवाई

विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाने वाली पीड़ित महिला (सूचक) की ओर से ट्रायल को दुमका, सेशन कोर्ट से सेशन जज, बोकारो के पास ट्रांसफर करने को लेकर दायर ट्रांसफर पिटिशन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट द्वारा प्रदीप यादव को जारी नोटिस के आलोक में गुरुवार को उनकी ओर से अधिवक्ता ललित यादव वकालतनामा दायर कर अदालत में हाजिर हुए।

वही कोर्ट ने मामले में होटल शिव सृष्टि पैलेस, कुंदा, देवघर के जनरल मैनेजर तुषा सिन्हा को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। पीड़िता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि वह बोकारो में अकेली रहती है, उसके अभिभावक बुजुर्ग है। उसके द्वारा देवघर महिला थाने में दर्ज केस की ट्रायल दुमका के सेशन कोर्ट में चल रही है। ट्रायल अभी लंबित है। बोकारो से दुमका की दूरी काफी ज्यादा होने के कारण उसे काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में ट्रायल को सेशन जज बोकारो के पास ट्रांसफर किया जाय। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। पीड़िता ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/ 2019 दर्ज कराई थी। इस मामले में 28 सितंबर 2019 को प्रदीप यादव को झारखंड हाई कोर्ट से बेल मिली है।

## वर्ष 2022-23 की स्वीकृत योजनाएं हर हाल में 15 जून तक पूर्ण करें पदाधिकारी : सचिव

### कृषि सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने की योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने निर्देश दिया है कि स्वीकृत्यादेश प्राप्त वित्तीय वर्ष 2022-23 की लंबित योजनाओं को किसी भी हाल में 15 जून तक पूरा करें। साथ ही चेतावनी दी कि अगर योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी, तो संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 की तालाब, डीप बोरिंग, परकुलेशन की योजनाओं की स्वीकृति 31 मई तक सुनिश्चित करें। सचिव नेपाल हाउस स्थित विकास आयुक्त कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सभी जिले से आये जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी एवं जिला सॉयल कन्जर्वेटिव पदाधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। सचिव ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में कृषि से संबंधित मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही विभागीय निदेशक यह सुनिश्चित करें कि विभाग की ओर से विभिन्न जिलों को आवंटित की गई राशि का व्यय नियमानुसार हो। निदेशक इसकी मॉनिटरिंग खुद करेंगे। उन्होंने कहा कि कैलेंडर तैयार कर मेले और प्रदर्शनी की तारीख तय की जाए तथा इसका व्यापक तौर पर प्रचार - प्रसार किया जाए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते कृषि सचिव अबू बकर ● फोटोन न्यूज

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की रेकी करने वाला युवक निकला पड़ोसी

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड पुलिस के लिए सिरदर्द बना श्रीवास्तव गिरोह का सरगना अमन श्रीवास्तव का रेकी करने वाला युवक उसका परिचित निकला। बुधवार को जब ट्राजिट रिमांड पर मुंबई से रांची लेकर पुलिस पहुंची तो एक युवक को रेकी करते हुए देखा गया जिसे एटीएस ने हिरासत में ले लिया। एटीएस की जब युवक से पुछताछ की तो पता चला कि युवक अमन श्रीवास्तव के पड़ोस में रहने वाला है। अमन को देखने के लिये आया था। बताया जाता है कि यह वही युवक है, जो अमन श्रीवास्तव के मां को गोली लगने के बाद सबसे पहले हॉस्पीटल पहुंचाया था। हालांकि एटीएस की टीम युवक से पुछताछ कर रही है। बता दे कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएस ने नवी मुंबई एटीएस के सहयोग से मुंबई के एक रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था।

### पेशी के बाद भेजा गया जेल

गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को गुरुवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एटीएस अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है। चतरा के कुम्बा गांव निवासी अमन श्रीवास्तव महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक सहित अन्य राज्यो से झारखंड के कोयला कारोबारियों से रंगदारी मांगता था। श्रीवास्तव गैंग के मुखिया सुशील श्रीवास्तव के मारे जाने के बाद अमन श्रीवास्तव गैंग का लीडर बना था। अमन के पिता सुशील श्रीवास्तव को पांडेय गिरोह के शूटरों ने हजारीबाग कोर्ट में गोली मारकर हत्या कर दी थी। अमन श्रीवास्तव पर झारखंड के विभिन्न थानों में 23 केस दर्ज हैं। गिरोह के गुर्गे लेवी वसूलने के साथ-साथ हत्या जैसी जघन्य घटनाओं को भी अंजाम देता था। गिरोह के लिए वसूली करने वाले लोगों को अमन श्रीवास्तव कमीशन देता था।

### टेंडर नोटिस जारी करते हुए एजेंसियों से 8 जून तक ई-टेंडर में शामिल होने को कहा गया

## 52 करोड़ की लागत से सोलर लाइट, सर्विस स्टेशन की सुविधाओं के साथ विकसित होगा ट्रांसपोर्ट नगर

**PHOTON NEWS RANCHI :** सुकरहुट्ट, रांची में बन रहा ट्रांसपोर्ट नगर कई मायनों में खास होगा। जुडको (झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, झारखंड) ने ट्रांसपोर्ट नगर (फेज-2) में 52 करोड़ 54 लाख 58 हजार 692 रुपये की लागत से इसके लिए कई तरह के काम कराने की योजना बनाई है। इसके तहत आर्किटेक्चरल प्लान और डिजाइन, डिटेल स्ट्रक्चरल एमईपी, आग से बचाव के अलावा कई अन्य कार्य भी कराए जाने हैं। इनमें ट्रकों के लिए पार्किंग, बिजली, पानी (ओवरहेड वाटर टैंक), सैनिटेशन, सोलर लाईट, सीवरेज नेटवर्क, सीसीटीवी कैमरा, इंटरनल रोड, सर्विस स्टेशन सहित दूसरे काम कराए जाने हैं। इन सब कामों के लिए टेंडर नोटिस जारी करते योग्य एजेंसियों से 8 जून तक ई-टेंडर में शामिल होने को कहा है जो 9 जून को खोला जाएगा। चयनित एजेंसी को अगले 3 सालों तक ट्रांसपोर्ट नगर में जरूरी बुनियादी सुविधाओं को बनाए रखने का भी काम करना होगा।

**कैबिनेट में मिली थी स्वीकृति**

गौरतलब है कि मार्च के आखिरी सप्ताह में हेमंत कैबिनेट की बैठक हुई थी जिसमें रांची में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए राशि स्वीकृत करने के अलावा 3 दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी। सीएम की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया था कि रांची नगर निगम में सिटी बस सेवा को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके तहत 605करोड़ रुपए की लागत से 244 सिटी बसों की खरीद की जाएगी। इन बसों में नॉन एसी की 220 और एसी इलेक्ट्रिक बस 24 होंगी। इससे राजधानी रांची के शहरी क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था अच्छी हो सकेगी। बसों के परिचालन के लिए 13 रूट निर्धारित होंगे, जहां 200 नए बस स्टॉप बनाए जाएंगे। कैबिनेट की बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव में रांची में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 113 करोड़ रुपये से भी अधिक की मंजूरी दी गई थी।

## रांची में फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसने की तैयारी

### सिटी एसपी ने रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष को लिखा पत्र

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची पुलिस ने फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में सिटी एसपी ने रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि प्राप्त सूचना के अनुसार झारखंड में ऐसे कई यूट्यूब न्यूज चैनल, न्यूज पोर्टल, न्यूज एप, इंटरनेट वेबसाइट हैं, जो सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से सूचीबद्ध नहीं हैं। इस तरह के चैनल में 4-5 लोग काम करते हैं और उस चैनल का आईडी कार्ड धारण कर क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हैं। इनका कोई भी पंजीकृत कार्यालय नहीं होता है। ये लोग अपने आप को चैनल का पत्रकार एवं संपादक बताते हुए विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था के लिए डयूटी पर तैनात पदाधिकारियों पर दबाव भी डालने का प्रयास करते हैं। इनके द्वारा कई बार भ्रामक और गलत ढंग से खबरों को प्रकाशित करने की बात सामने आयी है। इस विषय पर विचार-विमर्श के लिए सिटी एसपी ऑफिस में उपस्थित होने का कष्ट किया जाये।

# PALAMU : पुलिस वर्दी में लूटपाट करने वाले चार लुटेरे गिरफ्तार

**PHOTON NEWS PALAMU:** फर्जी पुलिसकर्मी बनकर एवं पिपराटाड़ थाना में कार्यरत रहे पूर्व सब इंस्पेक्टर के नाम पर पुलिस वर्दी में लूटपाट करने वाले चार लुटेरे गिरफ्तार किए गए हैं। उनके पास दो बंदूक, दो गोलियां, लूटे गए मोबाइल फोन सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

गुरुवार को एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि 10 मई को पिपराटाड़ थाना क्षेत्र के केलहवा बराज के पास लूटपाट की घटना हुई थी। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को नहीं दी थी। देर से सूचना के बाद भी पुलिस टीम बनाई गई और छापेमारी की गई। अमानत नदी किनारे छह अपराधी डकैती की योजना बनाते घेरे गए। छापेमारी के क्रम में दो अपराधी मौके से भागने में सफल रहे तथा चार अपराधी पकड़े गए।



गिरफ्तार लुटेरे व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

गिरफ्तार अपराधियों में शमशाद अंसारी, अखिलेश भुइयां उर्फ लड्डू, मुख्तार अंसारी, नवीन उर्फ मित्ररंजन सिंह शामिल है। शमशाद और अखिलेश जोलहाबिगहा, मुखतार बलमुआ और नवीन भुइयांकुरहा का रहने वाला है। सभी पांकी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अपराधियों में शमशाद अंसारी पूर्व में हत्याकांड का आरोपित रहा है। अपराधी अखिलेश भुइयां आठ महीने पहले चोरी के कई कांडों में जेल गया था।

एसपी ने बताया कि विगत कुछ दिनों से सूचना आ रही थी कि पांकी और पिपराटाड़ के सुदूर ग्रामीण जंगली रास्तों में छोटी मोटी छिनतई की घटनाएं हो रही है। करीब एक सप्ताह पहले केलहवा डैम पर लूटपाट की घटना हुई थी। इस सिलसिले में मामला दर्ज है। अपराधी पुलिस की वर्दी चितकबरा ड्रेस पहनकर आने जाने वाले वाहन सवारों को रोकते थे और थाना का स्टॉफ बताकर जांच के बहाने उनकी संपत्ति लूट लेते थे। सुबह थाने पर आकर सामान ले जाने की बात कहते थे। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

एसपी ने बताया कि बदमाशों के पास से 12 बोर की दो देशी पिस्तौल, 12 बोर की दो गोलियां, 11 मोबाइल फोन, 3 चितकबरा वर्दी, एक पांच सेल का टॉर्च, एक चिलम भी बरामद किये गए हैं।

गिरफ्तारी अभियान में पिपराटाड़ के थाना प्रभारी हीरालाल साह, पु.अ.नि. नितिन कुमार पोद्दार और जवान शामिल थे। प्रेस ब्रीफिंग में एसपी के साथ आइपीएस सह मेदिनीनगर के एसडीपीओ ऋषभ गर्ग, लेस्लीगंज के एसडीपीओ आलोक टूटी, पांकी के इंस्पेक्टर अरुण कुमार महता आदि मौजूद थे।

# DHANBAD रेलवे स्टेशन पर युवक ने यात्री को चाकू मारकर किया घायल

**PHOTON NEWS DHANBAD:** धनबाद रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब चाकू लेकर घूम रहे एक युवक ने प्लेटफॉर्म पर खड़े एक अनजान यात्री को चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची रेल पुलिस ने हमला करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया। वहीं बुरी तरह घायल यात्री को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। घटना धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 की है।

बताया जाता है कि डेली पसेंजरी करने वाले प्रधानखनता निवासी महावीर सिंह रोज की तरह गुरुवार को भी आसनसोल-वाराणसी पैसेंजर ट्रेन से धनबाद पहुंचा था। वह ट्रेन से उतरकर प्लेटफॉर्म पर लगे नल पर पानी पी रहा था। इसी दौरान उसने एक युवक को हाथों में चाकू लिए प्लेटफॉर्म पर घूमते देखा। स्टेशन में चाकू लेकर घुम रहे युवक से जब यात्री ने इस संबंध में पूछना चाहा तो इससे गुस्साए उस युवक ने यात्री पर हमला बोल दिया।



इलाज के बाद घायल यात्री से पूछताछ करती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

इससे यात्री बुरी तरह से घायल हो गया। घायल युवक के शरीर पर कई जगह चाकू से वार किए गए हैं।

घटना के बाद प्लेटफॉर्म पर हड़कंप मच गया। हमलावर युवक के तेवर को देख वहां मौजूद सभी यात्री इधर - उधर भागने लगे। वहीं घायल युवक ने किसी तरह स्टेशन मास्टर के कैबिन मे घुसकर अपनी जान बचाई। प्लेटफॉर्म हो रहे शोर गुल को सुनकर स्टेशन पर मौजूद जीआरपीएफ की टीम ने आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया। इसके पास से एक धारदार चाकू भी बरामद किया गया है।

आरोपित युवक की पहचान धनबाद के केंदुआडीह थाना क्षेत्र के खटीकपट्टी निवासी आकाश कुमार के रूप में की गई है। वह पटना से आया था और वह अपने घर जाना चाहता था। आरोपित युवक ने बताया कि वह किसी बात को लेकर काफी गुस्से में था। वह प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर खड़ा था। इसी दौरान वहां मौजूद महावीर सिंह उसे लगातार घूरे जा रहा था। उसने बताया कि उस युवक को मुझे घूरना नहीं चाहिए था। मेरे हाथों में जब चाकू था तो उसे डर कर वहां से भाग जाना चाहिए था, लेकिन वह वहां से भागने की जगह मुझे घूर रहा था। इसपर उसे गुस्सा आया और उसने उसपर हमला बोल दिया।

# PVUN पतरातू ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया स्वच्छता अभियान, हुई साफ-सफाई



स्वच्छता की शपथ लेते अधिकारी व कर्मचारी। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने का आह्वान किया। स्वच्छ भारत अभियान एक विशाल जन आंदोलन है जो स्वच्छ भारत बनाने की कोशिश करता है।

इसी कड़ी में 16 मई से 30 मई तक पीवीयूएन पतरातु में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत गुरूवार को पीवीयूएन के सीईओ रवीन्द्र कुमार ने सामुहिक रूप से कर्मचारियों और श्रमिको को स्वच्छता शपथ दिलाकर स्वच्छता पखवाड़ा का उद्घाटन किया।

इस पखवाड़े को भाग एक के रूप में पीवीयूएन ने स्वच्छता अभियान के साथ शुरूआत की है। इस ड्राइव के पहले दिन एसके पांडा जीएम (परियोजना) अन्य कर्मचारियों और श्रमिकों के साथ श्रमदान के लिए आगे आए। सभी ने समर्पण भाव से प्रशासनिक भवन के सामने वाले क्षेत्र की साफ-सफाई कर क्षेत्रवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। तत्पश्चात स्पर्श ई-वॉयस के सदस्यों, पीवीयूएन कर्मचारियों और श्रमिकों ने एसएस+2 हाई स्कूल पतरातु में स्वच्छता अभियान को जारी रखते हुए कहा कि अपने घर व आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखना हमसबों का दायित्व है।

इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए इसके लिए सबों को जागरूक करने की बात कही। अभियान के दौरान स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों ने श्रमदान कर स्कूल परिसर की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संकल्प लिया। पीवीयूएन के पदाधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता अभियान स्थानीय बाजारों, रेलवे स्टेशन, साइटों और परियोजना के आवासीय क्षेत्रों में जारी रहेगा।

# जनसेवकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण प्रखंड कार्यालयों में विकास कार्य बाधित

**PHOTON NEWS RAMGARH:** जनसेवक संवर्ग के हड़ताल के कारण सरकार की सभी विकास योजनाओं में बाधा आ रही है। विदित हो कि जनसेवक कृषि के साथ-साथ अन्य सभी विभागों के कार्य भी करते हैं और पर्यवेक्षीय पदों पर आसीन हैं। ऐसे में उनके अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से सभी प्रखंडों में विकास कार्य एवं आवश्यक सेवा ठप पड़ गए हैं। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है, जिसके कारण सभी प्रखंडों में आसपास सहित दूर दराज गांव से पहुंच रहे ग्रामीण कार्यालय बंद अथवा संबंधित के नहीं होने के कारण काम नहीं होने के बाद निराश घर लौट रहे हैं। लोग अपना काम कराने प्रखंड कार्यालय पहुंच तो रहे हैं। परंतु उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनसेवकों के जगह पर तत्काल किसी को अतिरिक्त प्रभार भी नहीं दिया गया है, जिससे प्रखंड के कई





हड़ताल पर बैठे जनसेक। ● द फोटोन न्यूज

कार्य बाधित हैं। प्रत्येक जनसेवक 2 से 3 विभागों के प्रभार में हैं ऐसे में किसी अन्य को उनका अतिरिक्त प्रभार देने में भी समस्या आ रही है। जैसे आपूर्ति अंतर्गत राशन कार्ड निर्माण, सुधार, और खाद्यान्न वितरण प्रभावित हो रहा है। सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत वृद्धा पेंशन, विधवा, दिव्यांग पेंशन, का कार्य प्रभावित हुआ है। बुजुर्ग इस भीषण गर्मी में असहाय होकर कार्यालयों से वापस हो रहे हैं।

केसीसी, कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना जैसी कृषि और किसान हित की योजनाएं पूर्णतः ठप पड़ गई हैं।खरीफ के लिए ङउउ का लक्ष्य प्रखंडवार निर्धारित है जिसे पूरा करना चुनौतीपूर्ण होगा।

सांख्यिकी समेत पंचायतों का कई कार्य प्रभावित हो गया है। मालूम हो कि झारखंड सरकार द्वारा ग्रेड पे घटा देने के कारण सरकार के खिलाफ जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 10 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। ऐसे में कई विभागों का कार्य ठप पड़ गया है। अगर इसी तरह से जन सेवकों का हड़ताल चलता रहा तो आगामी आने वाला खरीफ फसल योजनाओं का कार्य प्रभावित होगा एवं समय पर किसानों को बीज उपलब्ध करवाना भी मुश्किल होगा।

साथी ही प्रखंडों के सभी विकास कार्यों सहित जिला के कार्यालय भी क्षमता अनुरूप कार्य नहीं कर पायेंगे।

धरना में आज आलोक मित्रा, उमेश कुमार, ज्ञानी प्रताप भारती, त्रिलोकी नाथ महतो, पंकज कुमार, परमानंद कुमार, महादेव महतो, रविन्द्र कुमार महतो, विकास प्रसाद, विनीता सिंह, विकास कुमार, अजय कुमार सिंह, अजीत कुमार गुप्ता, छत्रधारी महतो, जॉर्ज टुडू, बिमल कुमार बेदिया, संजीव करमाली, संदीप कुमार, सुमित कुमार सिन्हा आदि जनसेवक शामिल थे।

# बेतला नेशनल पार्क में कुत्तों ने बनाया हिरण को शिकार

**PHOTON NEWS LATEHAR:** जिले के प्रसिद्ध बेतला नेशनल पार्क में गुरुवार को आवारा कुत्तों ने हमला कर एक हिरण को मार डाला। बताया जाता है कि हिरण बेतला पार्क में घास चर रहा था। इसी दौरान आवारा कुत्ते पार्क में घुसे और हिरण को मार डाला। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, परंतु तब तक हिरण की मौत हो गई थी। बाद में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद हिरण के शव को दफन दिया गया।

इस संबंध में रेंजर शंकर पासवान ने बताया कि पार्क में अचानक आवारा कुत्तों का झुंड प्रवेश कर गया और हिरण को मार डाला। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्ते वन विभाग के लिए सिरदर्द बन गए हैं। रेंजर ने आम लोगों से भी अपील की है कि आवारा कुत्तों को किसी भी सूरत में मांस खाने के लिए ना दें क्योंकि मांस खाने के बाद आवारा कुत्ते ज्यादा हिंसक हो जाते हैं। इससे जंगली जानवरों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा सकता है। इधर घटना के बाद जंगली जानवरों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग एक बार फिर से पार्क की सुरक्षा को लेकर नई रणनीति तैयार कर रही है।



हिरण के शव का निरीक्षण करते अधिकारी।

## UPSC व JPSC को लेकर आयोजित सेमिनार में बड़ी संख्या में शामिल हुए अभ्यर्थी, विनय मिश्रा ने कहा

# लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करें, सफलता जरूर मिलेगी

**PHOTON NEWS KHUNTI:** यूपीएससी और जेपीएससी परीक्षा की तैयारी और इसमें सफल होने के लिए जरूरी है कि पहले लक्ष्य निर्धारित करें, उसके बाद उचित मार्गदर्शन में लगातार सही दिशा में परिश्रम करें, सफलता अवश्य मिलेगी। कई बार परिस्थितिवश भटकाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, उस वक्त खुद का आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी है। ये बातें चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कही। मिश्रा गुरुवार को बिरसा कॉलेज खूंटी सभागार में यूपीएससी और जेपीएससी को लेकर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सेमिनार आपके सोच को सकारात्मक ही नहीं, बल्कि कामयाबी की राह को आसान बनाने में मददगार भी साबित होता है। इससे



सेमिनार में उपस्थित अभ्यर्थी। ● द फोटोन न्यूज

पूर्व सेमिनार की शुरूआत चाणक्य आइएएस एके-डमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा, बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जरमैन कुल्लू किडो ने की। मौके पर जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि वक्त से लड़कर जो नसीब बदल दे, इंसान वही जो मेहनत से अपनी तकदीर बदल दे। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक समय ऐसा भी था, जब ग्रामीण माता-पिता अपने होनहार बच्चों को सिविल सेवा के क्षेत्र में नहीं भेज पाते थे। उन्हें लगता था कि केवल बड़े शहरों और अमीर लोगों के बच्चे ही सिविल सेवा के क्षेत्र में सफल हो सकते हैं, लेकिन चाणक्य आइएएस एकेडमी, इस मिथक को तोड़ने में कामयाब रहा।

चाइल्ड वेलफेयर कमिटी के चेयरमैन अजय शाह ने भी यूपीएससी व जेपीएससी से संबंधित कई अहम पहलुओं से मौजूद अभ्यर्थियों को अवगत कराया। मंच संचालन एकेडमी की रांची शाखा के प्रबंधक सत्यम कश्यप तथा बिरसा कॉलेज,खूंटी की अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा प्रो जया भारती कुजूर ने किया।

## BRIEF NEWS

### गिरिडीह में सड़क हादसे में महिला की मौत, एक गंभीर

**GIRIDIH :** जिले के दो सड़क हादसों में गुरुवार को एक महिला की मौत हो गई एवं एक अन्य महिला घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार नवडीहा (गिरिडीह ) निवासी सुनील वर्मा अपनी पत्नी के साथ बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बच्ची के इलाज के लिए जा रहे थे। नवडीहा बारोटांड़ के पास एक व्यक्ति सड़क किनारे बांस तोड़ रहा था। इसी दौरान एक बांस टूटकर सड़क की तरफ पर गिर गया और सुनील वर्मा की बाइक बांस में फंस गई । इसके कारण बाइक सवार का संतुलन गड़बड़ा गया और सुनील वर्मा की पत्नी देवंती देवी (30) बाइक से सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं एक अन्य सड़क हादसे में धनवार के परसन ओपी क्षेत्र में झरहा गांव में कार की चपेट में आने से नोखलाल यादव (झरहा ) की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई । उसे स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

### हजारीबाग में कई थानेदारों का स्थानांतरण

**HAZARIBAG :** एसपी मनोज रतन चौथे ने जिले के कई थानेदारों का स्थानांतरण किया है। जिले के विभिन्न थानों में तैनात चार इंस्पेक्टर समेत 13 एसआई का तबादला किया गया है। इसको लेकर गुरुवार को जारी सूची के मुताबिक पुलिस केंद्र में तैनात इंस्पेक्टर अनिल कुमार को बड़कागांव अंचल जबकि नलिन कुमार मरांडी को सदर अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सदर यातायात रोहित कुमार सिंह को बरही का थानेदार बनाया गया है। पुलिस केंद्र में तैनात अमित कुमार लकड़ा को सदर थाना प्रभारी बनाया गया है। सदर थाना में तैनात एसआई को गोरहर थानेदार, बरकठा थानेदार विक्रम कुमार को चरही, बड़कागांव थाना में तैनात एसआई प्रशांत कुमार मिश्र को कटकमसांडी थानेदार, कटकमदाग थाना में तैनात एसआई दिनेश कुमार को बरकठा थानेदार और बरही थाना में तैनात एसआई बिपीन कुमार यादव को लोहसिंघना का थानेदार बनाया गया है। लोहसिंघना थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, चरही थानेदार देवेंद्र कुमार और कटमसांडी थानेदार आनंद आजाद को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है। गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा को यातायात थाना भेजा गया है।

### खूंटी में महिला की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**KHUNTI :** खूंटी थाना क्षेत्र स्थित बारुडीह गांव में कैरी मुंडू की हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि आपसी विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम राजन मुंडू है और बारुडीह गांव का ही रहने वाला है। इस मामले में पुलिस ने खून से लगा डंडा भी बरामद किया है।

### पिकअप वैन और बस की टक्कर में सात मजदूर घायल

**JAMSHEDPUR :** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-49 पर बेला चौक के समीप बुधवार देर रात को सोना चांदी बस (डब्ल्यूबी 76ए 5500) ने धान से लदे पिकअप वैन (जेएच 05बीएक्स 2951) को जोरदार टक्कर मार दिया। इस टक्कर में पिकअप वैन के चालक समेत सात मजदूर घायल हो गए। घायलों में पश्चिम बंगाल के बाबू भगत (28), काठि दोलाई (20), भाटू भोक्ता (20), अशीत प्रामाणिक (18), संजय बेरा(28), अधीन बेरा (26) तथा पलाश प्रामाणिक (44) हैं। घायलों को तत्काल स्थानीय लोगों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। यहां सभी का प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए 108 एंबुलेंस से पीआरएम मेडिकल कॉलेज बारीपदा रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

### नीलगाय के मांस के साथ आरोपित गिरफ्तार

**GIRIDIH :** गावां थाना क्षेत्र के धनेता गांव में वन विभाग की टीम ने जंगली नील गाय के मांस के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गुरूवार को उसे जेल भेजा जायेगा। गिरफ्तार शुक्रर उर्फ गुड्डू धनेता का ही ?हने वाला है। बताया जाता है कि जंगल से नील गाय के बच्चा को मारकर धनेता के एक झोपड़ी में उसका मांस बेच रहा था। सूचना के बाद वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर वनकर्मियों को भेजा गया । मौके से लगभग ढाई किलो मांस, खाल आदि के साथ ही शुक्रर को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद मांस को टीम ने वन प्रक्षेत्र कार्यालय गावां ले जाया गया। इस बाबत प्रभारी वनपाल पवन चौधरी ने कहा कि बुधवार देर शाम ही आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

### बच्ची की हिम्मत आई काम, अपहरणकर्ता के हाथ में दांत काटकर चंगुल से भागी

**KODARMA :** जिले के जयनगर आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मंधवाटांड के पास से बाइक सवारों दो बदमाशों ने पांचवीं की छात्रा का अपहरण कर लिया। बच्ची ने साहस दिखाते हुए एक बदमाश के हाथ को दांत से काट दिया और उनके चंगुल से बचकर भाग निकली। स्कूल प्रशासन ने जयनगर थाने में लिखित शिकायत दी है। बताया गया कि गोहाल निवासी चंदन पासवान की 10 वर्षीय पुत्री परिधि पासवान आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में पांचवीं में पढ़ती है। वह बुधवार को बस से स्कूल पहुंची थी। इसके स्कूल के ठीक सामने स्टेशनरी की दुकान पर वह कॉपी खरीदने लगी। इसी बीच बाइकसवार दो युवक आए और उसके पिता के दोस्त के रूप में अपना परिचय दिया। पिता के बुलाने की बात कह दोनों उसे बाइक से लेकर पिपचो ले गए, लेकिन वहां पिता को न देख परिधि ने शोर मचाने की कोशिश की। इस पर बाइक पर पीछे बैठे शख्स ने उसका मुंह दबा दिया। इसके बाद भी परिधि ने हिम्मत नहीं हारी और उस व्यक्ति के हाथ में काट लिया और उनके चंगुल से निकलकर भाग निकली। भागकर वह घर पहुंची और घर वालों को पूरी बात बतायी। घटना की जानकारी मिलने पर स्कूल प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है।

### ट्रेन से कटकर छात्रा ने दी जान

**GIRIDIH :** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत भंडारीडीह गांव में कक्षा दसवीं की छात्रा ने गुरूवार को ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। जानकारी के मुताबिक भंडारीडीह पंचायत अंतर्गत बलाईडीह निवासी मोहम्मद मुस्तफा की पुत्री सुबी परवीन ( 16 ) ने सुबह गिरिडीह मधुपुर रेलखंड पर भंडारीडीह गांव के समीप 13 न० ने फाटक के पास रेल से कटकर अपनी जान गवा दी। खबर से पूरे परिवार में मातम छा गया।

### बस और दो बाइक की टक्कर में दो की मौत

**PALAMU :** डालटनगंज-औरंगाबाद मुख्य पथ एनएच 98 पर गुरुवार की सुबह औरंगाबाद की ओर से डालटनगंज जाने के क्रम में सर्विस बस बाबा भोलेनाथ के द्वारा दो अलग-अलग बाइक सवार युवक को जोरदार धक्का मारने से घटनास्थल पर ही दोनों बाइक सवार की मौत हो गई है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने औरंगाबाद-डालटनगंज मुख्य पथ को जाम कर दिया है। सूचना मिलने पर नावा बाजार पुलिस मौके पर पहुंची है और प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटी हुई है। मृतकों की पहचान हिंदी दैनिक अखबार के नावा बाजार प्रतिनिधि बबलू प्रसाद गुप्ता के भतीजे छोटू प्रसाद (16) एवं दूसरी बाइक पर सवार उंटारी रोड के मुरमा कला निवासी चंद्रप्रकाश (40) के रूप में हुई है। घटना के बाद बस मौके पर खड़ी है, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया है। नावा बाजार के थाना प्रभारी दीपक कुमार दास दलबल के साथ मौके पर कैंप कर रहे हैं।

### पंकज महतो के ट्रैक्टर शोरूम की हो रही जांच, रिपब्लिक ट्रैक्टर शोरूम के मालिक को दिया गया नोटिस

**RAMGARH :** शहर के समाजसेवी पंकज महतो के सोनालिका ट्रैक्टर के शो रूम की भी जांच हो रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर एक टीम सोनालिका ट्रैक्टर के शोरूम पहुंची थी। लेकिन पूरी दुकान बंद होने की वजह से कोई भी वहां कर्मचारी नहीं मिला। इसके बाद जिला परिवहन पदाधिकारी की टीम वहीं पर मौजूद एक रिपब्लिक ट्रैक्टर के शोरूम में पहुंची। वहां उन्होंने देखा कि वह दुकान अनाधिकृत रूप से वहां चल रहा है। शोरूम के मालिक को नोटिस दिया गया है और सोमवार तक उन्हें दुकान के संचालन और अब तक की हुई बिक्री की पूरी जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज के आधार पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

# जिस कोर्ट में प्रैक्टिस की उसने सुनाई 30 साल की सजा

## वैशाली में वकील ने नौकर से किया था अननेचुरल सेक्स



**हाजीपुर** व्यवहार न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले वकील को कोर्ट ने 30 साल की सजा सुनाई है। दोषी जिस कोर्ट में दूसरों के केस लड़ता था, उसी कोर्ट ने उसे सजा सुनाई। एडवोकेट मोहम्मद आलम पर 30 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। वकील को कोर्ट ने 11 साल के बच्चे के साथ अननेचुरल सेक्स का दोषी पाया है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सह एडीजे 6 जीवन लाल की कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है। दोषी मोहम्मद आलम को आईपीसी की धारा 377 पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत सजा सुनाई गई है। वैशाली के साथ-साथ बिहार के लिए यह पहला जजमेंट है, जब एक वकील को 30 साल की सजा सुनाई गई है। पॉक्सो कोर्ट के स्पेशल पीपी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि मामला 2021 का है। एक 11 साल का नाबालिग लड़का काम की तलाश में महुआ-समस्तीपुर रोड पर अपने दोस्त के साथ पान की दुकान पर बैठा हुआ था। बाइक से रंजीत पटेल और मोहम्मद आलम वहां पहुंचे और उस लड़के से उसके बारे में पूछा। बच्चे ने बताया कि घर का बहुत गरीब है। वह काम की तलाश में है। रंजीत पटेल और मोहम्मद आलम उसे काम के लिए ले गए।ये मामला 20 फरवरी 2021 की शाम 6:30 बजे का है। नाबालिग मोहम्मद आलम के साथ उसके घर आ गया। रंजीत पटेल और मोहम्मद आलम ने रात में शराब पी। इसके बाद उसके साथ अननेचुरल सेक्स किया। बच्चा सुबह जब तकलीफ से कराह रहा था तो उसको पान की गुमटी पर छोड़ दिया। बच्चे ने अपनी चाची को आपबीती बताई। बच्चे को महुआ अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया, वहां से उसको हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। महुआ स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ने पाया कि उसके एनल से खून निकल रहा है जो कि अप्राकृतिक यौनाचार की पुष्टि करता है। पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश जीवन लाल की ओर से वकील को दोषी करार दिया गया था। मोहम्मद आलम का ट्रायल चल रहा था। सजा के बिंदुओं पर सुनवाई हुई। इसके बाद मोहम्मद आलम को 30 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट का फैसला 2 साल बाद आया है। कोर्ट ने



दोषी पर 30 हजार का अर्थदंड लगाया है। इसमें 377 आईपीसी के तहत 10 साल का सश्रम कारावास और 10 हजार का अर्थदंड लगाया है। राशि नहीं देने पर 6 महीने का अतिरिक्त कारावास और पॉक्सो की धारा 6 के तहत 20 साल का सश्रम कारावास और 20 हजार का अर्थदंड लगाया गया है। राशि नहीं देने पर 1 साल की अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है। दोनों सजाएं अलग-अलग चलेंगी। 20 साल की सजा पूरी होने के बाद 10 साल की सजा शुरू होगी। इस पूरे मामले में चार अभियुक्त हैं, जिसमें 1 मोहम्मद आलम का ट्रायल पूरा हो गया।

# भतीजे के सामने पड़ोसी के साथ भाभी से गैंगरेप फिर मर्डर

**भोजपुर** में 8 साल के भतीजे के सामने देवर ने पड़ोसी के साथ मिलकर भाभी से गैंगरेप किया। उसके बाद उसकी हत्या कर दी। वारदात के वक्त महिला की 3 महीने की बच्ची और 8 साल बेटा घर में मौजूद था। देवर पड़ोसी के साथ घर में घुसा और बच्चों के सामने ही मां से गैंगरेप किया। वारदात के वक्त पति घर पर मौजूद नहीं था। उसके लौटने के बाद बच्चे ने पूरी कहानी बताई। भाभी को अपनी हैवानियत का शिकार बनाने के बाद पड़ोसी के साथ मिलकर पहले गला दबाकर हत्या की। इसके बाद शव को चांदी थाना क्षेत्र के जहनपुर गांव में कुम्हरी




नदी के पास जमीन में दफना दिया था महिला चांदी थाना क्षेत्र के जहनपुर गांव में रहती थी। महिला का पति मजदूर करता है। सोमवार को वह गांव में एक शादी में मजदूरी करने गया था। पुलिस ने शव को बुधवार को कुम्हरी नदी के पास बरामद किया। मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला का पति जब घर लौटा तो उसने देखा बेटी कमरे में रो रही थी। उसे लगा कि पत्नी किसी काम बाहर गई होगी। बड़ा बेटा डरा, सहमा बैठा हुआ था। पिता ने उससे कारण पूछा को उसने पूरी कहानी बताई। बच्चे ने बताया कि चाचा अपने दोस्त के साथ आए थे। मां को उठाकर पीछे वाले कमरे में ले गए। मां बहुत चिल्ला रही थी। बचाने की गुहार लगा रही थी। दोनों ने उसकी हत्या कर दी। शव घर से लेकर चले गए। बच्चे की बातें सुनने के बाद पति ने बुधवार को पुलिस में केस दर्ज कराया है। नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होते ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मृतका के देवर श्रीराम और पड़ोसी दरोगा राम गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। इस कांड में दो अन्य लोगों का भी नाम सामने आ रहा है।

# औरंगाबाद में सड़क हादसा किशोरी की मौत


**औरंगाबाद** में सड़क हादसे में किशोरी की मौत हो गई। बुधवार की देर रात तेज रफ्तार बोलेरो ने शिल्पा कुमारी (17) को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके कारण किशोरी की मौत हो गई। घटना नगर थाना क्षेत्र के क्षत्रिय नगर रिलायंस मॉल समीप की है। मृतका देव प्रखंड के बेढ़नी गांव निवासी भीम सिंह की बेटी है। घटना के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार किशोरी किसी काम से एनएच पार कर रही थी। जैसे ही वह रिलायंस



मॉल समीप एनएच पार करने लगी कि तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 11 वीं के छात्र ने की आत्महत्या

**नालंदा** में बुधवार की शाम 11वीं के छात्र ने फंदे से लटक खुदकुशी कर ली। मामला लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामचंद्रपुर पतली गली है। मृतक नवादा जिला के कुंजेला गांव निवासी कृष्णनंदन प्रसाद का 17 वर्षीय पुत्र विकास कुमार है। विकास के रूममेट अरविंद ने बताया कि उन लोगों के साथ विकास 5 महीने से रह रहा था। वह 11वीं में पढ़ाई कर रहा था। कमरे में कुल 3 लोग रहते थे। इनमें एक अन्य रूममेट सतीष कुमार है। बुधवार की शाम जब कमरे में कोई नहीं था तो विकास ने फंदे से लटक खुदकुशी कर ली। वहीं, सतीष भी ट्यूशन पढ़ाने के लिए बाहर गया हुआ था। जब सतीष वापस लौट कर कमरे पर आया तो देखा कि दरवाजे और खिड़कियां अंदर से बंद है। उसने विकास को फोन भी किया बावजूद घंटियां बजती रही और फोन रिसीव नहीं हुआ।



इसके बाद वह पड़ोस की छत से जब खिड़की के अंदर झांकता है तो देखता है कि विकास पंखे के सहारे फंदे से झूल रहा है। इस बात की सूचना उसने स्थानीय पुलिस और विकास के परिजनों को दी। फिलहाल छात्र ने आत्महत्या क्यों किया इस मामले का खुलासा नहीं हो सका है। विकास दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके पिता खेती कर बच्चों की परवरिश कर रहे हैं।लहेरी थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# स्कूल जा रहीं छात्राओं को ट्रक ने रौंदा दो की मौत

अरवल में तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूल जा रहीं चार छात्राओं को रौंद दिया। इसमें दो बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। इन बच्चियों के साथ एक बुजुर्ग भी था, जो इन्हें स्कूल छोड़ने जा रहा था। उसे भी ट्रक ने कुचल दिया। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। घटना मेहंदिया थाना क्षेत्र के मारईला गांव की है। ठल्ल-139 पर ये हादसा हुआ। मृतकों की पहचान रूनजय यादव की बेटी शिवानी कुमारी और मोहित यादव की बेटी काजल कुमारी के रूप में हुई है। घायलों का इलाज जारी है। बच्चियों की मौत के बाद ग्रामीणों में गुस्सा है। गांव वालों ने सड़क पर जाम कर दिया। मृतक छात्राओं की पहचान मेहंदिया थाना क्षेत्र के मरईला गांव निवासी रुनजय यादव की 7 साल की बेटी



शिवानी कुमारी और मोहित यादव की 8 साल की बेटी काजल कुमारी के रूप में हुई है।
घायल रामाश्रय पासवान अपनी 8 साल की पोती खुशी कुमारी को लेकर मेहंदिया स्कूल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक की चपेट में आने से दादा-पोती भी बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्हें दाउदनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां बच्ची को डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया है। वहीं रुनजय यादव की दूसरी बेटी 10 साल की कीर्ति का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौके पर मौजूद विकास कुमार ने बताया कि ट्रक तेजी से आ रहा था। बच्चे सड़क किनारे जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक बच्चियों को रौंदते हुए जाने लगा। ट्रक के नीचे सभी छात्राएं आ गईं। मौके पर चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में घायलों को ट्रक के नीचे से निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घायल दादा पोती की हालत चिंताजनक है। वहीं एक छात्रा कीर्ति कुमारी को हल्की चोटें आईं हैं जिसे इलाज के बाद घर भेज दिया गया था। घर लौटने के बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। उसे फिर से अस्पताल में भर्ती किया गया है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात है। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीओ राजीव रंजन और अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रोशन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मदद से जाम को खुलवाया गया। प्रदर्शन के कारण 4 घंटों तक पटना औरंगाबाद मुख्य मार्ग जाम रहा। जिसके कारण 4 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया।

# धीरेंद्र शास्त्री ने गाया हमरा जनाता बबुआ जीएम होई हैं

## हनुमंत कथा के आखिरी दिन सुनाया भोजपुरी गाना

**पटना** के तरेत पाली मठ में बागेश्वरी धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा का बुधवार को आखिरी दिन रहा। कथा के पांचवें दिन धीरेंद्र धास्त्री ने मंच से भोजपुरी गाना गाया। धीरेंद्र शास्त्री ने जब अपने अंदाज में हमरा जनाता बबुआ जीएम होई हैं ना ना ललना डीएम होई हैं हो.... ये ललना 3 हिंद के सितारा इ ता सीएम होई हैं ओसे उपरा पीएम होई हैं हो...। इस गाने को गया तो लोग झूम उठे। उन्होंने ये पूरा गाना भक्तों को सुनाया। गाने के बीच-बीच में धीरेंद्र शास्त्री बुंदेलखंडी भी जोड़ते रहे। ये गाना काफी वायरल भी हो चुका है। इस गाने पर कई लोगों ने रील्स बनाकर फेसबुक और इंस्टा पर डाली है। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री की पांच दिवसीय हनुमंत कथा का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए माला और भाला जरूरी है। जब तक शरीर में प्राण रहेगा, बिहार आते रहेंगे। इधर, बाबा के जाते ही भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मंच पर लोग टूट पड़े। कोई मंच पर लगे गमले से मिट्टी,तो कोई फूल-पत्ते लेकर भागने लगा। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, हनुमान जी हैं शास्त्र और अंगद जी है शस्त्र। हमें सनातन धर्म में शास्त्र और शस्त्र दोनों की जरूरत है। पूछे क्यों? शास्त्र और शस्त्र दोनों में ज्यादा अंतर नहीं है। एक डंडा निकाला तो शास्त्र भी शस्त्र बन जाता है, लेकिन सनातन धर्म की रक्षा के लिए माला और भाला दोनों होना जरूरी है। पटना के नौबतपुर स्थित तरेत पाली मठ में कथा सुनने लाखों लोग पहुंचे। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि आज मुझसे कोई पूछ रहा था कि बाबा आपका पोस्टर फाड़ा जा रहा है। मैंने कहा- पोस्टर तो फाड़ा जा सकता है, लेकिन लोगों के दिल से कैसे निकालोगे। बाबा कथा स्थल से सीधे पटना एयरपोर्ट पहुंचे। यहां चार्टर्ड प्लेन से मध्यप्रदेश निकल गए। बाकी की सुरक्षा को देखते हुए एयरपोर्ट फोर्स बढ़ा दी गई थी। बाबा से मिलने काफी संख्या में



भक्त पहुंच गए थे। भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने होटल में धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात की। इसका वीडियो सामने आया है। जिसमें पंडित धीरेंद्र शास्त्री के सामने बैठ कर अक्षरा भजन गा रही हैं। पास ही केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे बैठे हुए हैं। पटना के डाकबंगला चौराहे पर बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री के पोस्टर्स पर कालिख पोती गई। उनके पोस्टर पर 420 और चोर लिखा गया है। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें कुछ लोग पोस्टर पर कालिख पोतते और लिखते हुए दिखाई दे रहे हैं। एयरपोर्ट पर धीरेंद्र शास्त्री को छोड़ने आए सांसद मनोज तिवारी ने बोले कि ऐसे लोग अपने मुंह पर कालिख पोती है। बाबा का बिहार के लोगों ने स्वागत किया है। रामचरित मानस, गीता और पुराण का अपमान अब नहीं सहेंगे। अब संतों का अपमान नहीं होगा। भारत में रहना है तो सीता राम कहना होगा। धीरेंद्र शास्त्री ने 15 मई को दरबार लगाया था। इस दिन 10 लाख अर्जी लगाई गई। तरेत मठ में स्थापित हनुमान जी की मूर्ति के आसपास चुनरी में बंधे नारियल के ढेर लग गए। मठ के आचार्य दीपक कुमार ने बताया कि इसके लिए पांच लोगों की ड्यूटी लगाई गई थी। उनके मुताबिक एक दिन में ही 10 लाख अर्जी लगी है। इसके अलावा करीब 7 लाख अर्जी पहले लगी थी। पटना के नौबतपुर के तरेत पाली मठ के बाद धीरेंद्र शास्त्री की कथा अब गया में होगी। उन्होंने सोमवार को इसका ऐलान खुद किया। धीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि 29 सितंबर को गया में हनुमंत कथा और दरबार लगेगा। बिहार बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के रंग में रंग गया है। हनुमंत कथा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। मनोकामना के लिए तो अर्जी का रिकॉर्ड ही टूट गया है। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार में 24 घंटे में 10 लाख से ज्यादा अर्जी लगी है। अर्जी लगाने वालों की भीड़ को देखते हुए मठ को शिफ्ट के हिसाब से कर्मचारियों की ड्यूटी लगानी पड़ी है।

## संक्षिप्त -समाचार

### मुजफ्फरपुर में छिनतई करने वाले दो दोस्त गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर-** छपरा हाईवे पर राहगीरों से छिनतई और लूटपाट करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास छीने गए मोबाइल भी बरामद किया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रहा है। मामला जिले के सरैया थाने का है। जहां पुलिस ने हाइवे पर राहगीरों से मोबाइल लूटपाट करने वाले गिरोह के दो शातिर को गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान सरैया के अंबारा निवासी बंटी कुमार व बतरौलिया निवासी विकी कुमार के रूप में हुई है। दोनों दोस्त हैं। दोनों आपस में मिलकर मोबाइल लूटपाट करने का काम करते थे। बताया जा रहा कि बीते 1 मई को सरैया के संतोष कुमार नामक एक व्यक्ति से इन दोनों ने मोबाइल छीन लिया था। संतोष ने सरैया थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसके बाद पुलिस दोनों शातिरों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने टेक्निकल एवं तकनीकी सूचना के आधार पर दोनों युवकों का लोकेशन मिला। जिसके बाद पुलिस टीम बनाकर दोनों युवकों के घर पहुंची। वही से दोनों को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से तीन लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया है। साथ ही, घटना में इस्तेमाल अपाचे बाइक को भी बरामद कर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रउद्धड सरैया कुमार चंदन ने बताया की दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा। उन्होंने कहा की इन दोनों से पूछताछ में और कई लोगों का नाम सामने आया है। जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। फिलहाल दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने की कवायद की जा रही है।

### अमेजन से ऑर्डर किया ड्रोन निकली पानी की दो बोतल



**गया** में एक युवक ने अमेजन से ड्रोन ऑर्डर किया, लेकिन पैकेट खोलने पर उसमें पानी की दो बोतल निकली। युवक को शक हुआ तो उसने पैकेट खोलने का वीडियो भी बनाया। इसके बाद उसने इसकी शिकायत कंपनी से की। कंपनी ने युवक के पैसे तो लौटा दिए, लेकिन अब युवक ने ये वीडियो पोस्ट कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। गया शहर के पंचयतिया अखाड़ा सीमेंट गली के रहने वाले सदात अनवर ने अमेजन ऐप पर ड्रोन कैमरा ऑर्डर किया था। बुधवार को जब डिलीवरी बॉय पैकेट लेकर आया, तो खोलने पर पैकेट में ड्रोन की जगह दो पानी के बोतल निकली। अनवर ने 9 हजार 9 सौ 99 रुपए का ड्रोन ऑर्डर किया था। अनवर को लगा कि कुछ गड़बड़ है।पहले अनवर ने डिलीवरी बॉय को पैसे दे दिए। इसके बाद वो वीडियो बनाते हुए पैकेट को खोलने लगा। पैकेट से ड्रोन की जगह दो पानी के बोतल मिली। डिलीवर बॉय ने इसकी शिकायत कंपनी की। अमेजन ने शिकायत के बाद युवक के पैसे लौटा दिए। इसके बाद अनवर ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। पटना में एक युवक ने 34 हजार रुपए खर्च कर ब्रांडेड कंपनी का एक लैपटॉप ऑर्डर किया। ऑर्डर की डिलीवरी हुई तो पैकिंग के अंदर से सिपाही बहाली की किताब निकली। साथ में चार्जर वाले हिस्से में ईंट के दो टुकड़े भी मिले। घटना पटना के फतुहा की है। स्टेशन रोड में देवी प्रसाद श्री निवास नाम की कपड़े की पुरानी दुकान है। श्याम सुंदर प्रसाद दुकान के मालिक हैं। इनका बेटा सौरव सुमन दिल्ली में इंडियन ऑयल में फाइनेंस मैनेजर है। दिल्ली से ही सौरव सुमन ने अपने घर के लिए 24 जुलाई को अमेजन से एक लैपटॉप ऑर्डर किया था। इसके लिए 34 हजार 600 रुपए का पेमेंट भी उसने ऑनलाइन कर दिया था। बुधवार को इस ऑर्डर की डिलीवरी फतुहा में कपड़े की दुकान पर हुई।

### बिहार के 21 जिलों में बारिश-बिजली का अलर्ट

**बिहार** में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। गुरुवार से 21 मई तक तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने गुरुवार से राज्य के 21 जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के ऊपर से एक टर्फ लाइन उत्तर बिहार से मध्य छत्तीसगढ़ की ओर गुजर रहा है। इसकी वजह से राज्य में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। बुधवार को राज्य के कई जिलों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। गोपालगंज और छपरा में तेज हवा चली। वहीं, मोतिहारी और मुजफ्फरपुर में तेज हवा के साथ बारिश भी हुई है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। राज्य में किशनगंज और वाल्मीकिनगर को छोड़कर पटना सहित अन्य जिलों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। राज्य का सबसे गर्म जिला औरंगाबाद रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, कटिहार, पूर्णिया, सुपौल, नवादा, गया, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बाकी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान औरंगाबाद जिला सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम पारा 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही पटना का 38.3 डिग्री, नालंदा 37.5 डिग्री, नवादा का 41.5 डिग्री, गया का 41.8 डिग्री, शेखपुरा का 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### यूक्रेन से छात्र-छात्राओं को निकालने की कहानी

वरिष्ठ आईएएस अफसर तरुण पिथोड़े की किताब ऑपरेशन गंगा इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। इस किताब में तरूण पिथोड़े ने रूस और यूक्रेन के बीच हुए युद्ध में फंसे भारतीय बच्चों की सफल वापसी, संघर्ष, परेशानियों को खूबसूरत अंदाज में बताने का प्रयास किया है। बिहार के तीस स्टूडेंट्स यूक्रेन के जंग मे बुरे तरीके से फंस गए थे। जिसे सकुशल बिहार लाया गया था। ऑपरेशन गंगा पुस्तक आने के बाद एक बार फिर से वह यादें ताजा हो गई है। युद्ध अभी भी जारी है। ऑपरेशन गंगा के लेखक मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। यूक्रेन और रूस युद्ध की शुरूआत के दौरान यूक्रेन के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाई कर रहें काफी भारतीय विद्यार्थियों के सुरक्षित भारत लौटने का संकट खड़ा हुआ था। युद्ध क्षेत्र के बीच से बचाव का कार्य आसान नहीं होने वाला था। विद्यार्थियों के अलग-अलग शहरों में होने, उनके निकल पाने की स्थितियों की अपुष्ट जानकारी तथा युद्ध की वजह से विमान सेवाओं के निलंबन जैसी कठिनाइयों के बीच भारत सरकार ने बच्चों को सुरक्षित वापस लाने के अपने अभियान 'ऑपरेशन गंगा' को शुरू किया। इसके साथ ही इस ऑपरेशन गंगा किताब में बिहार के सैकड़ों छात्रों के रेसक्यू की भी कहानी हैं।

# कर्नाटक की राजनीति का महारथी सिद्धारमैया

राजनीति अनहोनी का दूसरा नाम है। सिद्धारमैया का अनुभव उनके काम आया। हमेशा नाप-तोल के साथ चलने वाले सिद्धारमैया दूसरी बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री की शपथ लेने जा रहे हैं। छोटे कदमों से राजनीति शुरू करने वाले सिद्धारमैया पहली बार 1983 में भारतीय लोक दल पार्टी से चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे थे। सिद्धारमैया ने धीरे-धीरे कांग्रेस पार्टी में जगह बनाई। वह ऐसी जगह थी कि पार्टी आलाकमान को फिर उनसा कोई दूसरा नजर नहीं आया। हालांकि एक समय वे जनता दल के पार्टी अध्यक्ष (1999 से लेकर 2004 तक) थे और कांग्रेस के कट्टर विरोधी। अब राजनीति कहां सिद्धांत का अधिक खयाल रखती है। जब एचडी देवगौड़ा के बिगाड़ हुआ और दूरी बढ़ी तो वे जनता दल सेकुलर छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। इस बात को महज 15 साल हुए हैं। उसके ठीक पांच साल बाद यानी 2013 में सिद्धारमैया को कांग्रेस पार्टी ने सूबे का कामन सौंप दिया। करीब तीन दशक से भी अधिक समय बाद सूबे की जनता को ऐसा मुख्यमंत्री मिला जो अगले पांच वर्षों तक लगातार कुर्सी पर टिका रहा। इससे जाहिर है कि सिद्धारमैया कांग्रेस की पसंद के साथ-साथ उनकी कमजोरी भी हैं। इसकी खास वजह यह है कि कर्नाटक के ग्रामीण इलाकों में उनकी पकड़ा मजबूत है। छवि साफ सुथरी है। यही वजह रही कि तमाम उठापटक के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने 2018 तक सूबे की कमान संभाली। एक लंबे समय बाद कर्नाटक की जनता ने पांच साल तक किसी राजनेता को लगातार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा देखा। सिद्धारमैया को बागी तेवर वाला राजनेता माना जाता है। जहां रहे, उनके बागी तेवर उठते रहे। कर्नाटक की जनता को उनका यह अंदाज शायद पसंद है। यह संयोग ही है कि उन्हें कभी भारी विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। शासन में रहते हुए उनके कुछ फैसलों का जरूर विरोध हुआ, लेकिन उनकी लोकप्रियता में कोई खास कमी नहीं आई। 2023 के विधानसभा चुनाव में कर्नाटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार उनके प्रतिद्वंदी बनकर उभरे, लेकिन आलाकमान ने सिद्धारमैया के नाम पर मुहर लगाई और डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री तक सीमित रखा। चुनावी राजनीति के साथ-साथ शासन को संभालने में सिद्धारमैया माहिर हैं। 1985 में वे जनता पार्टी की रामकृष्ण हेगड़े सरकार में मंत्री थे। तब उन्होंने अपनी कार्यशैली से लोगों को प्रभावित किया था। वे अबतक 12 चुनाव लड़ चुके हैं और नौ में जीत दर्ज की है। सिद्धारमैया का जन्म 10 अगस्त, 1948 को मैसूर जिले के सिद्दरामनहुंडी गांव में हुआ था। वे किसान परिवार से आते हैं। मैसूर विश्वविद्यालय से बी-एससी की डिग्री हासिल की है। माता-पिता चाहते थे कि सिद्धारमैया डॉक्टर बनें, लेकिन उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी से ही एलएलबी की पढ़ाई कर वकील बनना पसंद किया। वर्ष 1978 में राजनीति में कदम रखा। वह सफर आज भी जारी है।

# धूल की चादर

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पर धूल और धुंध का कब्जा है। हवा तीन महीने की सबसे खराब श्रेणी में पहुंच गई है। इसमें पीएम10 अर्थात मोटे धूल कणों की मात्रा बढ़ गई है, जिसकी वजह से घर से बाहर रहते हुए सांस लेने में भी बहुतों को समस्या हो रही है। इस समय न शाम सुहानी है और न सुबह की सैर का आनंद है। सुबह-सुबह ही जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 के ऊपर हो, तो स्वास्थ्य पर इसके असर का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से एक्यूआई 100 से नीचे होना चाहिए, लेकिन यह चार गुणा से भी ज्यादा ऊपर है। उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में वायु प्रदूषण या धूल की चादर पड़ी हुई है। बुधवार को बारिश का अनुमान लगाया गया था, वास्तव में बारिश से ही राहत की उम्मीद है। वायुमंडल में जो धूल आ रुकी है, उसे बारिश ही नीचे ला सकती है। हालांकि, यह कोई नई बात नहीं है, इस मौसम में एकाध सप्ताह धूल के नाम रहते ही हैं। यह अच्छा है कि अनेक स्कूलों में छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। आखिर यह धूल कहां से आ रही है? हर बार की तरह राजस्थान के रेगिस्तान से रेतीले कण भी उड़ आए हैं और साथ ही स्थानीय निर्माण कार्य भी इन दिनों जोरों पर हैं। बारिश या तेज धूप से पहले के समय में किसी भी शहर में निर्माण कार्य में बहुत तेजी आ जाती है। निर्माण करते समय धूल से बचाव के इंतजाम पूरे नहीं किए जाते हैं, तो छोटे शहरों में भी सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। जैसे-जैसे आबादी बढ़ रही है, जैसे-जैसे समाज में संपन्नता बढ़ रही है, वैसे-वैसे गृह निर्माण या जीर्णोद्धार के काम भी तेजी से हो रहे हैं। यह धूल केवल प्राकृतिक नहीं है, यह बहुत हद तक मानव जनित है। अगर मरुभूमि के आसपास हरियाली या पेड़-पौधों की पूरी व्यवस्था हो, तो वहां से उड़ने वाली धूल को स्थानीय स्तर पर रोका जा सकता है। जल स्रोतों का अभाव हुआ है, पहले ये जल स्रोत भी धूल को दूर जाने से रोकते थे। क्या हमारे वैज्ञानिकों ने धूल भरी आंधी या उसके दुष्परिणामों को रोकने के लिए कुछ किया है? शहरों से गांव तक बढ़ती फेफड़े की बीमारियां साफ संकेत कर रही हैं कि धूल और प्रदूषण के प्रति हमें ज्यादा सजग होना चाहिए।

# क्यों उलझ गई है चीनी घुसपैठ की गुत्थी

MY STORY



✍ रंजीत कुमार

**डेमचोक और देपसांग इलाके का विवाद दोनों देशों के बीच सुलझा नहीं है और चीन इन्हें लेकर बातचीत करने को भी तैयार नहीं है। जिन चार स्थानों से चीनी सेना लौटी है, उनमें एक बफर जोन बनाया गया है, जो वास्तविक नियंत्रण रेखा के अंदर भारतीय इलाकों में ही है। इन बफर जोन में भारतीय सेना के जवान गश्त नहीं कर सकते। यानी भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा के जिन इलाकों पर अपना दावा समझते हुए गश्ती दलों को भेजती रही है, वह अधिकार अब भारत के पास नहीं रहेगा। आज पूर्वी लद्दाख के सीमांत एलएसी वाले इलाकों पर दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने खड़ी हैं। वहां न युद्ध न शांति की स्थिति बनी हुई है। दोनों देश हालात को स्थिर बताते हैं लेकिन वहां मामूली उकसावा या गलतफहमी से बड़ा संघर्ष छिड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। दोनों बड़ी परमाणु ताकतों के बीच यह विवाद कैसे हल होता है, इस पर दुनिया की निगाहें टिकी हैं। देपसांग और डेमचोक के बारे में चीन का कहना है कि ये मई, 2020 के पहले के मसले हैं, जिन पर वह बात नहीं करेगा।**



चीनी सेना ने तीन साल पहले मई के शुरू में पूर्वी लद्दाख की वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगी बर्फीली पहाड़ियों वाले कई इलाकों पर एक सुनियोजित साजिश के तहत अतिक्रमण कर भारत को चौंका दिया था। भारत के सख्त एतराज के बाद दोनों देशों के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच कई दौर की बातचीत हुई। फिर अतिक्रमण के कई स्थानों (पैंगोंग झील के दोनों किनारों, गलवान, गोगरा-हॉटस्प्रिंग) पर यथास्थिति बहाल करते हुए चीनी सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लौट गई। लेकिन फिर भी यह विवाद सुलझा नहीं है। डेमचोक और देपसांग इलाके का विवाद दोनों देशों के बीच सुलझा नहीं है और चीन इन्हें लेकर बातचीत करने को भी तैयार नहीं है। जिन चार स्थानों से चीनी सेना लौटी है, उनमें एक बफर जोन बनाया गया है, जो वास्तविक नियंत्रण रेखा के अंदर भारतीय इलाकों में ही है। इन बफर जोन में भारतीय सेना के जवान गश्त नहीं कर सकते। यानी भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा के जिन इलाकों पर अपना दावा समझते हुए गश्ती दलों को भेजती रही है, वह अधिकार अब भारत के पास नहीं रहेगा। आज पूर्वी लद्दाख के सीमांत एलएसी वाले इलाकों पर दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने खड़ी हैं। वहां न युद्ध न शांति की स्थिति बनी हुई है। दोनों देश हालात को स्थिर बताते हैं लेकिन वहां मामूली उकसावा या गलतफहमी से बड़ा संघर्ष छिड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। दोनों बड़ी परमाणु ताकतों के बीच यह विवाद कैसे हल होता है, इस पर दुनिया की निगाहें टिकी हैं। देपसांग और डेमचोक के बारे में चीन का कहना है कि ये मई, 2020 के पहले के मसले हैं, जिन पर वह बात नहीं करेगा। ये दोनों इलाके दौलतबेग ओल्डी से लगे हैं, जिनकी सामरिक अहमियत इस मायने में है कि ये इलाके चीन के कराकोरम राजमार्ग और पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगिट बाल्टिस्तान के नजदीक हैं। देपसांग के इलाके में चीनी सेना 18 किलोमीटर तक घुस चुकी है और वहां भारतीय सैनिकों को गश्त करने से रोक रही है। लेकिन सचाई यह है कि देपसांग, डेमचोक के इलाकों पर भारत का हमेशा से नियंत्रण रहा है, जिसे वह किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ सकता। पूर्वी लद्दाख के घुसपैठ वाले शेष इलाकों से चीनी सेना की वापसी के सवाल पर दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्रियों के बीच पहली बातचीत सितंबर, 2020 की शुरूआत में मॉस्को में हुई थी। खासकर, दस सितंबर को चीनी विदेश मंत्री वांग ई और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच बातचीत काफी फलदायक रही थी। दोनों देशों के बीच पांच बिंदुओं वाली सहमति की घोषणा की गई थी, जिसमें चीनी विदेश मंत्री ने माना था कि दोनों देशों के बीच रिश्तों को सामान्य करने के लिए जरूरी हैं कि दोनों सेनाएं अतिक्रमण वाले इलाकों से पीछे हट जाएं यानी डिसइंगेज कर लें। यह पहला कदम पूरा होने के बाद एलएसी पर जमा 50,000 से अधिक सैनिकों को भी पीछे हटा लेने पर सहमति बनी थी। लेकिन चीन इन वादों से पलट गया। उसने इन सहमतियों को सीमित तौर पर ही लागू किया। चीन की सेना देपसांग और डेमचोक के इलाकों में भारतीय सेना को तो रोक ही रही है, भारतीय चरवाहों को भी पशु नहीं चराने दे रही। इन लद्दाखी चरवाहों का कहना है कि वे सदियों से इस इलाके को अपना मानते रहे हैं। इस मसले को सुलझाने के लिए दोनों देशों के सैन्य कमांडरों के बीच 18वें दौर की बातचीत में भी चीन ने अपना अड़ियल रुख बनाए रखा। इसके बाद 27 अप्रैल को नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में चीनी रक्षा मंत्री ली शंगफू की भारतीय रक्षा मंत्री से वार्ता के दौरान जब चीन का कड़ा रुख बना रहा तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दो टूक कहना पड़ा कि जब तक चीनी सेनाएं एलएसी तक पीछे नहीं हटेंगी और चीन अपने 50 हजार सैनिकों को वापस नहीं बुला लेता, तब तक भारत-चीन रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। लेकिन चीन ने अजूबा सुझाव दिया कि भारत-चीन एलएसी पर दोनों देश हालात को स्थिर बनाए रखें और इस मसले पर अधिक ध्यान न दे कर आपसी रिश्तों को बेहतर बनाएं क्योंकि वर्तमान वैश्विक माहौल में दोनों देशों के बीच सहयोगपूर्ण रिश्ता जरूरी है। चीनी रक्षा मंत्री के बयान का मतलब यह हुआ कि चीन भारत के माथे पर बंदूक ताने रखेगा और भारत से अपेक्षा करेगा कि वह चीन से दोस्ती गाढ़ी करे। चीन के इस रुख का नतीजा यह होगा कि भारत पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों पर अपने 50 हजार सैनिकों को तब तक तैनात रखने को मजबूर होगा जब तक कि चीन इन इलाकों से अपनी सेना पीछे नहीं बुला लेता। आर्थिक क्षेत्र में भी भारत की चीन पर निर्भरता बढ़ती ही जा रही है, जो चीन से बढ़ते आयात से साफ है। सीमा पर तनाव और देश में चीन के खिलाफ भारी गुस्सा व चीनी माल के बहिष्कार के आह्वानों के बावजूद दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़कर 135 अरब डॉलर के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। राजनयिक क्षेत्र में भी चीन भारत के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है। आतंकवाद से लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तक चीन भारत के विरोध में खड़ा दिखता है। चीन के इन नापाक इरादों से भारत कैसे निबटे, भारत के लिए यह बड़ी चुनौती है।

**(लेखक कूटनीतिक मामलों के जानकार हैं)**

# लव जिहाद के घात पर योगी सरकार का कुठाराघात

लव के शर्बत में जब जिहाद का जहर मिल जाए तो उसका दर्दनाक और जानलेवा हो जाना लाजमी है। इस लव जिहाद के जहर की तासीर कुछ ऐसी होती है कि बेबसी, बदनामी, घुटन, टूटन, तड़पन और आंसुओं के सैलाब में डूबती-उतराती मजबूर जिंदगी आखिरकार मौत की दहलीज पर दम तोड़ देती है। राष्ट्रद्रोही और इंसानियत के विरोधी इस जिहादी जहर से उत्तर प्रदेश को बचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने साल 2020 में ही उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 को लागू कर दिया था। उसका ही परिणाम है कि प्रदेश की 185 पीड़ित महिलाओं को न्यायालय के समक्ष अपने जबरन धर्म परिवर्तन करवाए जाने की बात कहने का अवसर मिल सका। वहीं नाबालिगों के कन्वर्जन के अब तक 65 मामले दर्ज किए गए हैं। दुर्भाग्य है कि ये अवसर, श्रद्धा, निकिता तोमर, नेशनल शूटर तारा सहदेव, आराधना जैसी हजारों लड़कियों को नहीं मिल पाया। उन्हें जिहादी जहर ने बड़ी ही बेदर्दी से लील लिया। मजहबी कट्टरता की कोख से जन्मे लव जिहाद की तपिश से कराहती मानवता की दर्दनाक चीख द केरल स्टोरी से यह मुद्दा पुनः विमर्श का केंद्र बन गया है। दरअसल मतांतरण के माध्यम से राष्ट्रांतरण की कुत्सित चेष्टा आज से नहीं सदियों पुरानी है। लोभ, कपट, झूठ और भय उसके बड़े हथियार हैं। इस्लामी आंक्राताओं ने छल, बल और जबरन धर्मांतरण से भारत को दारुल इस्लाम बनाने की पूरी कोशिश की। लेकिन जबरदस्त प्रतिरोध के कारण वे अपने मंसूबों में नाकामयाब रहे। उसके बाद इसाई मिशनरियों ने भी यही कार्य किए। उद्देश्य उनका भी भारत को होली लैण्ड बनाना था बस शैली इस्लामी आंक्राताओं से थोड़ी जुदा थी। देश और समाज को संस्कृति परिवर्तन के माध्यम से अस्थिर करने की कोशिशें आज भी जारी हैं। हम देख सकते हैं कि रणबांकुरे, योद्धा जनजातियों की भूमि नार्थ ईस्ट आज क्रिस्तान बन अलगाव की आग में तप रही है तो दुनिया को इस्लामिक आग को शोलों में जला रहा जिहाद का मायावी मारीच लव जिहाद का रूप धर देश की बेटियों की जिंदगी को बर्बाद कर रहा है। जबरन धर्मांतरण का सबसे घृणित, अमानवीय और स्त्री विरोधी स्वरूप है लव जिहाद। अफसोस है कि अब इस वीभत्स कार्य में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी शामिल हैं। सार्वजनिक स्थल से लेकर वर्चुअल दुनिया तक पूर्ण नियोजन के साथ शिकार की तलाश होती है। कभी शकील शिवम बनकर आता है तो कभी साहिल सेकुलर चोले में। केरल से कश्मीर तक और कामरूप से कन्याकुमारी तक यही स्थिति है। आजाद भारत में यह आग दिन पर दिन फैल ही रही थी कि उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 के माध्यम से अनुचित तरीकों से धर्म परिवर्तन द्वारा देश और समाज को अस्थिर करने की कुचेष्टओं को संचालित करने वाले तंत्र पर योगी सरकार ने विधिक सर्जिकल स्ट्राइक कर सबको अंचभित कर दिया। इससे प्रेरित होकर अनेक राज्यों ने अपने यहां अवैधानिक धर्मांतरण कानून को लागू किया। यह कानून, धर्म की आड़ में षड़यंत्र करने वालों के मंसूबों को परिणामदायक प्रहार है। अब मिथ्या निरूपण, बल, असम्यक प्रभाव, प्रलोभन या कपट पूर्ण माध्यम द्वारा धर्मपरिवर्तन का कृत्य संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध है। धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से ही विवाह किया गया था, यह प्रमाणित होने पर विवाह को शून्य मान लिया जाएगा। सबसे अच्छी बात तो यह है कि उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 पूर्णतः सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होता है, जिसके कारण भारत का पंथनिरपेक्ष स्वरूप और मजबूत होता है। यह कानून मौजूदा हालातों की जरूरत है। गौरतलब है कि लव जिहाद या रोमियो जिहाद की अवधारणा भारत में साल 2009 में पहली बार केरल और उसके बाद कर्नाटक के कैथोलिक ईसाइयों के शोर के बाद राष्ट्रीय ध्यानाकर्षण का सबब बनी थी। उनका दावा था कि लगभग 4000 बेटियों को प्रलोभन देकर या डरा कर मुसलमान बना लिया गया है। कुछ मामले उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में भी चले थे। केरल उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के.टी. शंकरन ने जबरदस्ती धर्मांतरण की बात को स्वीकार भी किया था। सरकारी जांच एजेन्सियों ने अपनी विवेचना में यह पाया था कि कुछ इस्लामी संगठन बाकायदा धर्म-परिवर्तन (तगय्युर) की मुहिम चलाए हुए हैं। इस मुहिम को एक आंदोलन का रूप देने की कोशिश लगातार की जा रही है। विदित हो कि राम और कृष्ण की पावन धरा पर न तो कभी प्रेम वर्जित था न ही प्रेम विवाह। लेकिन प्रेम की आड़ में धर्म परिवर्तन के षड़यंत्र को भला कैसे स्वीकार किया जा सकता है? रहमान के रमेश बनकर प्रेम जाल बुनने की घटनाएं तो जब-तब अखबार की सुर्खियां बनती ही रहती हैं। यह एक वृहद सुनियोजित संगठनात्मक षड़यंत्र का हिस्सा है। दरअसल मुस्लिम शादियां शरीयत के अनुसार होती हैं, जिनमें वर और कन्या दोनों का मुस्लिम होना अनिवार्य होता है, अतः शादी के समय धर्मांतरण स्वाभाविक रूप से हो जाता है। लेकिन यदि शादी के लिए मजहब बदलना पड़े तो फिर उसे अंतरधार्मिक विवाह कैसे कहा जा सकता है? इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि शादी-ब्याह के लिए धर्म-परिवर्तन आवश्यक नहीं है। यह वैध नहीं है। कुछ ऐसे ही विचार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी थे, जब इंदिरा गांधी की शादी फिरोज गांधी से हो रही थी, तब उन्होंने कहा था कि शादी के लिए धर्म परिवर्तन की जरूरत नहीं है। पीड़ा यहीं से शुरू होती है। जब तक पीड़िता को मालूम होता है कि उसके साथ सुनियोजित छल हुआ है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



सांसद एवं पूर्व मंत्री श्री रतन लाल कटारिया जी के निधन से बहुत दुख हुआ। उन्हें सार्वजनिक सेवा और सामाजिक न्याय के लिए उनके समृद्ध योगदान के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने हरियाणा में भाजपा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदनाएं। शांति।

**(पीएम नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



अखबार में छपी खबर से पता चला कि दुमका के माइनिंग चालान से पाकुड़ जिला में पत्थरों की ढुलाई हो रही थी। पाकुड़ ऊ के पत्र पर दुमका डीसी जांच टीम से जांच करा रहे हैं। कोलकाता के जिस सीटीएस कंपनी के हरिपुर (शिकारीपाड़ा) स्थित क्रशर प्लांट का चालान पाकुड़ में पकड़ाया, उस कंपनी के लोगों ने दुमका प्रशासन की टीम को सहयोग करने से साफ मना कर दिया। जांच टीम जब पिनरगड़िया जेबीआर रेलवे रैक पॉइंट पहुंची तो जेबीआर के कर्मियों ने भी प्रशासन की टीम को सहयोग नहीं किया। जांच में सहयोग नहीं करने की हिम्मत ऐसे लोगों को कहां से मिलती है? वैसे इलाके में चर्चा है कि ये घपला झारखंड के राज परिवार से जुड़ा हुआ है। इसलिये बिल्ली के गले घंटी बांधने का साहस कोई नहीं कर रहा। दो जिलों से जुड़े ऐसे खनन मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराइये मुख्यमंत्री हेमंत जी। वरना देर-सबेर ईडी या कोई अन्य केंद्रीय एजेंसी तो जाँच करने आयेगी ही।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# उप्र निकाय चुनाव में भाजपा की बड़ी लकीर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भगवा राजनीति का अजेय दुर्ग बन चुका है । 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ पहली बार 73 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। अब गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में जितने भी चुनाव हो रहे हैं, हर में भाजपा की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ रहा है। 2017 के नगर निगम चुनाव, 2019 के लोकसभा चुनाव, 2022 के विधानसभा चुनाव और अब 2023 के नगर निकाय चुनाव ने तो नया अध्याय लिख दिया है। निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने सभी 17 नगर निगम और उसके बाद नगर पंचायत और पालिका चुनाव में सीट व वोट प्रतिशत के हिसाब से अब तक की सबसे बड़ी जीत अर्जित कर बड़ी लकीर खींच दी है। इसी समय हुए उपचुनाव में भाजपा ने सपा के मजबूत नेता आजम खां के अंतिम गढ़ को भी ध्वस्त कर दिया है। भाजपा की इस विजय से विपक्षी दलों के उत्साह पर पानी फिर गया है और वह 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में पिछड़ गए हैं। भाजपा अपने सभी सहयोगी दलों के साथ सभी 80 सीटों पर विजय का शंखनाद करती हुई आगे बढ़ रही है। अब भाजपा को प्रदेश के नगर निगमों में संचालन के लिए निर्दलीयों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। इस विजय के नायक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। उनकी नियत, नीति और कार्यशैली जनमानस को भा रही है। योगी आदित्यनाथ ने 13 दिन में 43 जिलों में 50 जनसभा और रोड शो कर अपार मेहनत की। उसका सुफल जनता भाजपा को दिया। उन्होंने प्रचार में विकास तथा कानून व्यवस्था का ही मुद्दा उठाया। विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री का बयान, ह्लमिटटी में मिला देंगे माफिया कोह्व और उसके बाद कई खतरनाक माफिया पर हुई कार्रवाई ने आमजन का भरोसा बढ़ा दिया। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले सपा, बसपा और कांग्रेस जैसे दलों को मुंह की खानी पड़ी। प्रदेश की जनता ने पहली बार नगर निकाय चुनाव में कानून व्यवस्था पर जमकर वोट दिया। कई मोहल्लों व गलियों में तो भाजपा को एकतरफा वोट मिला है। भाजपा कार्यकर्ता निगम चुनाव में मतदाता को यह समझाने में कामयाब हो गए कि कौन उनका सच्चा हमदर्द है। लखनऊ कमल तो खिला ही है पर अबकी बार पिछली बार से भी अधिक वोट प्राप्त हुए हैं और पार्षद जीतने में कामयाब रहे हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि निकाय चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत सुशासन, विकास और भयमुक्त वातावरण का नतीजा है। यह सच भी है। भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव में धर्म की ध्वजा पर सवार होकर जातियों का चक्रव्यूह भेदने में सफलता हासिल की है। पार्टी के मतदाता सम्मेलनों का भी फायदा मिला है। कुछ सीटों पर बगावत भी हुई, पर वह असर नहीं दिखा सकी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंत्रिमंडल सहयोगियों की दिन-रात की गई मेहनत ने विपक्ष के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। 2023 में भाजपा ने 2017 के मुकाबले बहुत बढ़त बनाई है। वर्ष 2017 में भाजपा ने 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी।198 नगर पालिका परिषद में 70 पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था। इस बार भाजपा ने 199 में से 87 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है। वर्ष 2017 में भाजपा ने 438 नगर पंचायतों में से 100 पर चुनाव जीता था और इस बार भाजपा ने 544 नगर पंचायतों में से 191 पंचायतों में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है। राजधानी लखनऊ के निगम इतिहास में पहली बार भाजपा के 80 पार्षद कमल खिलाने में कामयाब रहे हैं।

# समय रहते सावधानी

सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भय का माहौल नहीं पैदा करने की सलाह दिया जाना इस बात का इशारा है कि एजेंसी को वर्तमान शासन के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ आरोपों की जांच में अपने उत्साह को किस कदर संतुलित करने की जरूरत है। एक कथित शराब घोटाले से जुड़े धन-शोधन के पहलुओं की जांच के नाम पर छत्तीसगढ़ के आबकारी विभाग के कर्मियों को ईडी द्वारा उत्पीड़ित किये जाने की शिकायतों पर प्रतिक्रिया देते हुए, अदालत की एक पीठ ने बिल्कुल प्रासंगिक बिंदु उठाया है कि अगर कोई कानून प्रवर्तन एजेंसी भय पैदा करने वाले तरीके से काम करेगी, तो एक सच्चा उद्देश्य भी संदेहास्पद लगेगा। यह टिप्पणी एक विधिसम्मत जांच की सीमाओं को लांघने के खिलाफ सावधान करती है, और साथ ही यह धारणा मजबूत होने देने के खिलाफ चेतावनी देती है कि यह एजेंसी किसी को फंसाने के लिए किसी भी हद तक चली जायेगी। यह देखते हुए कि गैर-भाजपा शासित राज्यों के कई नेताओं और मंत्रियों को ईडी ने तलब किया है, या गिरफ्तार किया और जेल में डाला है, ज्यादातर लोगों को छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से लगाये गये इन आरोपों पर हैरत नहीं होगी कि यह एजेंसी बेलगाम व्यवहार कर रही है और इसके अफसर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को फंसाने की कथित कोशिश में राज्य के अधिकारियों को धमका रहे हैं। ये आरोप सही हो सकते हैं और नहीं भी, लेकिन असल मसला यह है कि इस एजेंसी द्वारा जारी की गई एडवर्स नोटिस के तहत राजनीतिक विरोधियों की संख्या असामान्य रूप से ज्यादा है। विपक्ष की ओर से एक बड़ी शिकायत जांच के कथित राजनीतीकरण और एजेंसी की अगुवाई करने वाले कर्मियों से संबंधित है। कुछ पार्टियों को डर है कि धन-शोधन कानून का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को ठिकाने लगाने के अभियान के लिए किया जा रहा है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल में आज होगा पंजाब और रॉयल्स का मुकाबला

**धर्मशाला (एजेंसी)।** आईपीएल में शक्रवार को यहां राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स की टीमों के बीच मुकाबला होगा। इन दोनो ही टीमों का अब तक का प्रदर्शन बराबर ही रहा है। ऐसे में किसी भी टीम को प्रबल दावेदार नहीं कहा जा सकता। दोनो ही टीमों के 13 मैचों में समान 12 अंक हैं पर राजस्थान की टीम बेहतर रन रेट के आधार पर पंजाब से आगे है। पंजाब को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसका मनोबल गिरा हुआ है। दिल्ली के खिलाफ टीम की बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी विफल रही थी। ऐसे में राजस्थान के पास इस मैच में बड़ी जीत दर्ज कर प्लेऑफ के लिए अपनी हल्की सी संभावनाएं बनाने का अवसर कहा जा सकता है। इन दोनों टीम को प्लेऑफ की संभावनाओं के लिए इस मैच में जीत दर्ज करने के अलावा अन्य टीम के मैचों में भी अनुकूल परिणाम की उम्मीद करनी होगी। इसके बाद भी इनके इस टूर्नामेंट में आगे पहुंचने की संभावनाएं न के बराबर हैं। पंजाब की टीम दिल्ली के खिलाफ विफल रही है। उसके तेज गेंदबाजों ने पावर प्ले और डेथ ओवरों में जमकर रन दिये जिससे टीम को नुकसान हुआ। कैगिसो रबाडा, सैम कुरेन और अर्शदीप सिंह जैसे अनुभवी तेज गेंदबाजों ने करीब 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए जिससे टीम पर दबाव आया।

अर्शदीप को कैपिटल्स के खिलाफ मैच में पावर प्ले और डेथ ओवरों में गेंदबाजी के लिए नहीं बुलाया गया जिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। यह तेज गेंदबाज डेथ ओवरों में अपनी यॉर्कर और शुरू में अपनी स्विंग से बल्लेबाजों को परेशान करता रहा है। अर्शदीप के प्रदर्शन में हालांकि निरंतरता की कमी रही है। अब इस मैच में उनके प्रदर्शन पर नजरें रहेंगी। टीम के लिए अंतिम ओवर स्पिनर हरप्रीत बरार को देना भी भारी पड़ा। दिल्ली ने इस ओवर में जमकर रन बनाये।

पंजाब के कप्तान शिखर धवन दिल्ली के खिलाफ मैच में अपना खाता तक नहीं खोल पाये जिससे टीम लक्ष्य का पीछा करने में शुरु में ही पिछड़ गयी थी। ऐसे में अब इस मैच में



धवन को बढ़ा स्कोर बनाकर टीम को आगे ले जाना होगा।

टूर्नामेंट के पहले चरण में शानदार खेल रही कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स की टीम को देखकर लग रहा था कि इसे हराना बेहद मुश्किल है पर इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और पिछले पांच मैचों में से वह केवल एक मैच में जीत पाई है जिससे उसपर भी इस मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का दबाव है। राजस्थान के पास बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल और गेंदबाजी में युजवेंद्र चहल जैसे बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं पर इसके बाद भी उसकी टीम अहम अवसरों पर विफल रही है। जोस बटलर और कप्तान सैमसन ने भी पिछले कुछ मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की है। इन दोनों से ही टीम को इस मैच में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। रॉयल्स की टीम शुरुआत में बेहतर प्रदर्शन कर तालिका में शीर्ष पर थी पर लीग के आगे बढ़ने के साथ ही वह पिछड़ती गयी और अब सबसे निचले स्तर पर है। ऐसे में उससे इस मैच में ज्यादा उम्मीद नहीं की जा सकती।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, जो रूट, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, ओबेड मैककॉय, नवदीप सैनी, कुलदीप सेन, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन , युजवेंद्र चहल, केसी करियप्पा, जेसन होल्डर, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौर, एडम ज़म्पा, केएम आसिफ, मुरुगन अश्विन, आकाश वशिष्ठ और अब्दुल पीए।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), शाहरुख खान, मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, भानुका राजपक्षे, जितेश शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, नाथन एलिस, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, हरप्रीत बराड़, सैम कुरेन, सिकंदर रजा, हरप्रीत भाटिया, विद्वाथ कावेरप्पा, मोहित राठी, शिवम सिंह।

# इटालियन ओपन : स्वियातेक चोटिल होने के कारण क्वार्टर फाइनल से हटीं



**रोम (एजेंसी)।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को जांघ की चोट के कारण इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से हटना पड़ा है। ऐसे में उनकी विरोधी खिलाड़ी इलेना रायबाकिना सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। स्वियातेक को रायबाकिना के खिलाफ तीसरे सेट के दौरान दर्द बढ़ने पर हटना पड़ा। उस समय दोनो का स्कोर 2-2 से बराबरी पर था। तब स्वियातेक ने पहला सेट 6-2 से जीता था जबकि रायबाकिना ने दूसरा सेट 7-6 (3) से जीतकर इस मैच को तीसरे और अंतिम सेट तक खींचा था। इस चोट के कारण स्वियातेक के 28 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन में भी खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। वहीं अब रायबाकिना का मुकाबला सेमीफाइनल में येलेना ओस्टापेंको से होगा। येलेना ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाउला बाडोसा को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया था। वहीं महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा और यूक्रेन की एंहेलिना कालिनिना के बीच मुकाबला होगा।

# एशियाई खेलों के लिए विदेश में प्रशिक्षण ले सकेंगे नाविक

**लाहौर (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने ओलंपियन नौकायन खिलाड़ियों को इस साल चीन में होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए विदेश में प्रक्षिक्षण की अनुमति दे दी है। ऐसे में नेत्रा कुमानन, विष्णु सरवनन, वरुण ठक्कर और केसी गणपति जैसे ओलंपियन नौकायन खिलाड़ी हांगझोऊ एशियाई खेलों की तैयारी के लिए सितंबर तक विदेशों में विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण लेने के साथ ही प्रतियोगिताओं में भी भाग ले सकेंगे। इसपर आने वाला सारा खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा। खेल मंत्रालय द्वारा मई से सितंबर तक विदेश में प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में शामिल चार खिलाड़ियों के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद यह निर्णय लिया गया है। नेत्रा इस दौरान सितंबर तक ग्रैन कैनरिया, स्पेन में प्रशिक्षण लेंगी। वह कील, जर्मनी (कील वीक), मार्सिले, फ्रांस (ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा) और शेवेनिंगेन, नीदरलैंड्स (विश्व सेलिंग चैंपियनशिप) जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लेंगी।

वहीं विष्णु विभिन्न स्थानों (वेलेंशिया, मिलान, डबलिन, द हेग, क्रोएशिया और मुंबई) में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। वह 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए हांगझोऊ जाने से पहले यूरआईएलसीए यूरोपा कप, आईएलसीए ओपन एशियाई चैंपियनशिप, मार्सिले ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा और विश्व चैंपियनशिप (ओलंपिक क्वालीफायर) में प्रतिस्पर्धा करेंगे। वरुण और गणपति की टीम कील, जर्मनी (कील वीक), फ्रांस (ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा), द हेग (विश्व चैम्पियनशिप) और चीन में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# आईपीएल2023 में दिल्ली कैपिटल्स की जीत से हुआ बड़ा उलटफेर, धोनी भी हुए परेशान

**मुंबई(एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पंजाब किंग्स को 17 मई को खेले गए मुकाबले में मात दे दी है। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स सबसे पहले इस टूरनामेंट में प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली टीम थी। वहीं बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया जिसने पूरे पॉइंट्स टेबल का रुख बदल कर रख दिया है। इस मैच में हार का सामने करने के बाद पंजाब किंग्स का सफर भी लीग में लगभग खत्म हो चुका है।



माना जा रहा है कि अब पंजाब की टीम भी टूर्नामेंट में वापसी नहीं कर पाएगी। पंजाब की टीम को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए ना सिर्फ अपने अंतिम मुकाबले में जोरदार जीत दर्ज करनी होगी बल्कि टीम को अन्य टीमों के प्रदर्शन पर भी निर्भर रहना होगा। बता दें कि दिल्ली की जीत के बाद चेन्नई सुपर किंग्स की टीम टेंशन में होगी क्योंकि इस जीत ने कई बदलाव खड़े कर दिए है।

### चेन्नई के लिए मश्किल बढ़ी


चेन्नई सुपर किंग्स का अगला और प्लेऑफ की दौड़ में पहुंचने के लिए अंतिम मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उसी के होम ग्राउंड में होना है। चेन्नई को प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए इस मुकाबले में जीत हासिल करनी होगी। मगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम के फॉर्म में लौटने के बाद अब चेन्नई सुपर किंग्स को इस मैच में जीत हासिल करने के लिए मशक्कत करनी पड़ सकती है। वहीं प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए धोनी ब्रिगेड को ये मैच जीतना होगा। अगर किसी कारणवश चेन्नई सुपर किंग्स ये मुकाबला हारती है तो उन्हें अन्य टीमों के मैचों पर निर्भर रहना पड़ सकता है। ऐसे में दिल्ली के फॉर्म में लौटने से टेंशन की स्थिति जरुर बनी है। गौरतलब है कि दिल्ली की टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शानदार फॉर्म में लौट चुके हैं। यही कारण है कि चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए काफी समस्या झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में चेन्नई के लिए जरुरी है कि दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को जल्दी पवेलियन लौटाए।

### दिल्ली के खिलाड़ी फॉर्म में

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों ने पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी की और 2 विकेट खोकर 214 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स की टीम के लिए पृथवी शॉ, डेविड वॉर्नर और राइली रूसो ने धमाकेदार बल्लेबाजी की। इन सभी खिलाड़ियों ने लीग के अंतिम दौर में पहुंचने के बाद शानदार खेल दिखाया है। हालांकि लीग के दौरान ये खिलाड़ी खराब फॉर्म से जूझते दिखे थे। बता दें कि इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच एक मुकाबला खेला गया है जिसमें 27 रनों से मात देकर चेन्नई सुपर किंग्स ने जीत हासिल की थी। ऐसे में महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम दोबारा यही करिश्मा करना चाहेगी जबकि दिल्ली बदला लेने के लिए ये मुकाबला जीतना चाहेगी।

# श्रीलंका के क्रिकेटर गुणतिलका को मिली राहत, यौन उत्पीड़न के चार में से तीन आरोप वापस लिए गए

सिडनी। श्रीलंका के क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के चार में से तीन आरोपों को गुरुवार को वापस ले लिया गया। गुणतिलका पर पिछले साल एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया था। गुणतिलका पर चार बार बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के आरोप लगाए गए थे जिसके बाद सिडनी पुलिस ने इस 32 वर्षीय खिलाड़ी को नवंबर में टी20 विश्व कप के दौरान टीम के होटल से गिरफ्तार किया था। सरकारी वकील ने हालांकि सिडनी की एक अदालत में तीन आरोप वापस ले लिए। पुलिस के अनुसार श्रीलंका का यह बल्लेबाज और 29 वर्षीय महिला एक 'डेटिंग ऐप' के जरिए एक दूसरे के संपर्क में आए थे। एक दूसरे से मिलने के बाद वह दोनों महिला के सिडनी स्थित आवास पर पहुंचे जहां गुणतिलका ने कथित तौर पर महिला का गला दबाया और उनके साथ बलात्कार किया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार, '' सरकारी वकील ह्यूग बडिन ने अदालत को बताया कि एक आरोप प्रमाणित हुआ है जबकि बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के तीन आरोपों को वापस ले लिया गया है।'' गुणतिलका पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान श्रीलंका की टीम के सदस्य थे। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ पहला मैच खेला था लेकिन इसके बाद चोटिल होने के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। गुणतिलका ने श्रीलंका की तरफ से आठ टेस्ट, 45 एक दिवसीय और 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।



# शुभमन , यशस्वी हैं भारतीय टीम का भविष्य : पीटरसन



मुम्बई । इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने कहा है कि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट में नये सितारे बनकर उभरेंगे। पीटरसन के अनुसार टीम प्रबंधन को अब अधिक समय बिताये बिना ही इन दोनो को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अवसर देने चाहिये क्योंकि ये दोनो ही तकनीकी रुप से कुशल हैं।

पीटरसन ने कहा, शुभमन और यशस्वी भविष्य में भारत के शीर्ष क्रम के सितारे होंगे। मेरा मानना है कि एकदिवसीय क्रिकेट में ये दोनो ही बेहद सफल रहेंगे। इन्हें तत्काल टीम में जगह दी जानी चाहिये। शुभमन ने अब आईपीएल 2023 के 13 मैचों में 576 रन बनाए हैं। पीटरसन ने कहा कि वे पूर्ण सितारे हैं जो आने वाले समय में महान सितारे बनेंगे।

पीटरसन ने कहा, आईपीएल युवा खिलाड़ियों को तीन चीजें देता है। यह उन्हें खेलने का अवसर देता है, यह उन्हें दुनिया भर के प्रशंसकों के सामने एक मंच देता है। स्टेडियम भरे हुए हैं, सब कुछ व्यस्त है, और यह उच्च तीव्रता वाला है। यदि आप इसमें सफल हो जाते हैं तो आपकों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जगह मिलना तय है।

# सईम, ओमेयर और हारिस जैसे खिलाड़ी हैं पाक क्रिकेट का भविष्य : आजम

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा है कि आने वाले समय में सईम अयूब, ओमेयर बिन यूसुफ और मोहम्मद हारिस पाक के स्टार खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। ऐसे में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्वकप को देखते हुए इन्हें तैयार किया जाना चाहिये।

बाबर ने इन खिलाड़ियों से कहा है कि वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव से परेशान न हों। साथ ही कहा कि वे कड़ी मेहनत करते हुए चीजों को सरल रखने के साथ ही तय प्रक्रिया का पालन करें। आजम के अनुसार सईम ने अब तक आठ टी20आई मैचों में पाकिस्तान की ओर से 123 रन बनाये हैं जबकि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत 32.25 और लिस्ट-ए क्रिकेट में 46.64 है। इस प्रकार देखा जाये तो वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अबतक रन अधिक रन नहीं बना पाये हैं पर उन्हें अगर लगातार अवसर दिये जाये तो वह घरेलू क्रिकेट की तरह ही यहां भी कमाल करेंगे।

वहीं हारिस ने सुपर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह ऐसा नहीं कर पाये हैं। हारिस ने अब तक 14 मैचों में पाक की ओर से 153 रन बनाए हैं। वहीं ओमायर ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं खेला है पर उन्हें टीम विश्व कप को देखते हुए तैयार कर सकती है।

सलामी बल्लेबाज फखर जमान ने भी सईम को बेहतर खिलाड़ी करार दिया है। उन्होंने यहां तक कहा कि वह बाबर जैसे बल्लेबाज बन सकते हैं।



# भारत ने बांग्लादेश को व्हीलचेयर टी20 क्रिकेट में हराया

गाजियाबाद । भारतीय टीम ने बांग्लादेश को व्हीलचेयर टी20 क्रिकेट सीरीज के त्रिकोणीय मैच में हरा दिया है। भारत की ओर से राजा बाबू ने बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में शानदार प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। गाजियाबाद के राजाबाबू दिव्यांग उत्तर प्रदेश टीम के कप्तान भी रहे थे। राजा बाबू का व्हील चेयर से ही हेलीकॉप्टर शॉट काफी मशहूर है। वह भारतीय टीम में एक फिनिशर के तौर पर शामिल हुए। टूर्नामेंट के अंतिम मैच में राजा बाबू ने 17 रन बनाए थे और 2 छक्के लगाये थे। वहीं उमेश कौशिक को टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का के लिए पुरस्कार मिला। बांग्लादेश तीनो ही मैचों में बड़ा स्कोर नहीं बना पायी और हार गयी। गाजियाबाद के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने भी राजा बाबू को सम्मानित किया है।

# निशानेबाज अंजुम को मिला अर्जुन अवार्ड

चंडीगढ़ । केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां एक समारोह में महिला निशानेबाज निशानेबाज अंजुम को अर्जुन अवार्ड प्रदान किया। इस अवसर पर अंजुम ने कहा कि यह मेरी जिंदगी का ऐसा अवार्ड है जो जब मिला तब लगा कि वाकई अपने देश, अपने परिवार और अपने खेल निशानेबाजी में काफी कुछ किया है जिससे बेहद खुशी हुई। साथ ही कहा कि यह अवार्ड चंडीगढ़ के हर उस निशानेबाज का है, जो अंतरराष्ट्रीय पदक लाने के सपने देखता है। गौरतलब है कि अंजुम को साल वर्ष 2019 में अर्जुन अवार्ड मिला था पर तब वह और तीन अन्य खिलाड़ी विदेश में होने के कारण अर्जुन और द्रोणाचार्य अवार्ड नहीं ले पाए थे। उसके बाद अगले दो साल तक कोरोना महामारी के कारण किसी प्रकार के समारोह नहीं हुए थे।



# धवन ने दिल्ली के खिलाफ मिली हार के लिए खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार बताया



**धर्मशाला (एजेंसी)।** यहां हुए आईपीएल के अहम मुकाबले में पंजाब किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों 15 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के साथ ही पंजाब के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी समाप्त हो गयी हैं। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने दो विकेट पर 213 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम आठ विकेट पर 198 रन ही बना पायी। हार से निराश पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने इसके लिए खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार बताया है। धवन के अनुसार शुरुआती ओवरों में उनकी टीम के गेंदबाज दिल्ली पर अंकुश नहीं लगा पाये जिससे उसने तेजी से रन बना लिए। साथ ही कहा कि अंतिम ओवर स्पिनर से कराने का प्रयोग भी नाकाम रहा। इस मैच में दिल्ली के बल्लेबाजों ने पावरप्ले के छह ओवरों में बिना किसी नुकसान के 61 रन बनाए थे। धवन ने कहा, ''हम पहले छह ओवर में अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये। हमें तब कुछ विकेट लेने चाहिए थे क्योंकि उस समय गेंद टर्न ले रही थी। उन्होंने कहा, ''जब तक लियाम लिविंगस्टोन बल्लेबाजी कर रहा था, हमें जीत की उम्मीद बंधी हुई थी पर गेंदबाजी के दौरान अंतिम ओवर स्पिनर से कराने का मेरा फैसला भी सही नहीं रहा। वहीं पावरप्ले में भी तेज गेंदबाजों ने सही लाइन व लैंथ से गेंदबाजी नहीं की जिससे विरोधी टीम ने काफी रन बना लिए थे।

# रुनों ने जोकोविच को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया



रोम । डेनमार्क के होल्गर रूने ने यहां विश्व के दूसरे नंबर के खिलाफ नोवाक जोकोविच को इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हराकर एक बड़ा उलटफेर किया है। रूने ने तीन सेट तक चले पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच को 6-2, 4-6, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। इस मुकाबले के दौरान जोकोविच शुरु में पूरी तरह से फिट नहीं दिखे। इसी कारण बीच में एक बार उनके ट्रेनर को भी उनकी सहायता के लिए कोर्ट में आना पड़ा। जोकोविच ने मुकाबले के दौरान 35 गलतियां की जबकि रूने ने 15 गलतियां की थीं। इनमें से 22 गलतियां उन्होंने फोरहैंड शॉट खेलने के दौरान कीं थीं। रूने का मुकाबला अब सेमीफाइनल में कास्पर रूड और फ्रांसिस्को सेरुनडोलो के बीच होने वाले मैच के विजेता खिलाड़ी से होगा।

# बजरंग , साक्षी सहित अन्य पहलवानों ने बंगला साहिब गुरुद्वारे तक मार्च किया

## -विरोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाएंगे : विनेश

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगट सहित कई पहलवानों ने यहां जंतर मंतर पर धरने के 25 वें दिन भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई की मांग करते हुए बंगला साहिब गुरुद्वारा तक पैदल मार्च किया।

इस दौरान विनेश ने कहा, हम इस विरोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाएंगे। हम अंतरराष्ट्रीय ओलंपियन को पत्र लिखेंगे और उन्हें हमारे समर्थन में पत्र लिखने के लिए कहेंगे। रियो ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने भी इस बात पर जोर दिया और कहा कि महासंघ को लगता है कि हमारा विरोध जंतर-मंतर तक ही सीमित है।

साक्षी ने कहा, हम जंतर मंतर से बाहर कदम रखेंगे। हमें लगता है कि हमारा विरोध सीमित हो रहा है। हम चाहते हैं कि हमारा विरोध हर किसी तक पहुंचे क्योंकि यह हमारे देश की महिलाओं की लड़ाई है। वहीं दूसरी ओर केन्द्रीरय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों के धरने पर कहा, उनकी चिंताओं को भी सुना गया और समिति का गठन किया गया। इसके अलावा भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा कुश्ती एथलीटों के लिए परीक्षण भी शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला दे दिया है। दिल्ली पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज कर ली है और बयान दर्ज कर रही है। मजिस्ट्रेट भी बयान दर्ज कर रहे हैं। ऐसे में पहलवानों को भी कानून और व्यवस्था पर विश्वास होना चाहिए और अपना विरोध खत्म करना चाहिए। वहीं इससे पहले खेल मंत्रालय ने घोषणा की कि भारतीय ओलंपिक संघ 45 दिनों के भीतर भारतीय कुश्ती महासंघ की कार्यकारी समिति के चुनाव कराने के लिए एक तदर्थ समिति का गठन करेगा। इसके गठन के लिए, एथलीटों के चयन और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए प्रविष्टियां करने सहित शरीर के दिन-प्रतिदिन के मामलों का प्रबंधन करना। नई कार्यकारी समिति के कार्यभार ग्रहण करने तक यह समिति अंतरिम अवधि के लिए कार्य करेगी।



# एटली की फिल्म में वरुण की एंट्री

गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जुग-जुग जियो और भेडिया देने वाले वरुण धवन अचानक से चर्चाओं में आ गए हैं। वरुण के चर्चाओं में आने का कारण निर्माता मुराद खेतानी की अगली फिल्म है जिसके लिए उन्होंने वरुण धवन से सम्पर्क किया है और सबसे बड़ी बात यह है कि इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी एटली कुमार को सौंपी गई है जो इन दिनों शाहरुख खान की फिल्म जवान को पूरा करने में लगे हुए हैं। वरुण धवन इन दिनों कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। फिल्म स्टार इंडस्ट्री के कुछ बेहतरीन स्टार और निर्देशकों संग काम कर रहे हैं। एक्टर की अगली फिल्म को लेकर भी एक दिलचस्प जानकारी हाथ लगी है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म स्टार वरुण धवन ने अपनी अगली फिल्म के लिए शाहरुख खान और नयनतारा स्टारर फिल्म जवान के निर्देशक संग हाथ मिलाया है। यह एक हाई एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म के लिए निर्माता मुराद खेतानी ने भी हाथ मिलाया है। निर्माता मुराद खेतानी इससे पहले इंडस्ट्री को कबीर सिंह और भूल भुलैया 2 जैसी बड़ी हिट फिल्में दे चुके हैं। रिपोर्ट की मानें तो वरुण धवन और एटली कुमार की इस फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वो लंबे वक्त से एक्शन थ्रिलर फिल्म के इंतजार में थे। जो इस फिल्म से पूरी होगी। इतना ही नहीं, पता चला है कि फिल्म की शूटिंग इसी जुलाई-अगस्त से शुरू होने वाली है। सूत्र ने कहा, वरुण और मुराद खेतानी के बीच काफी लंबे वक्त से एक फिल्म को लेकर बात हो रही थी। एक्टर इस फिल्म की शूटिंग अगस्त की शुरुआत में ही शुरू कर देंगे। ये एक कमर्शियल एंटरटेनर फिल्म है। जो अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज पर है। फिल्म की टीम बड़े स्केल के एक्शन प्लान कर रही है। फिल्म स्टार वरुण धवन की फिल्म साल 2024 की गर्मियों तक थियेटर पहुंचने वाली है। फिल्म की कहानी एक बेहद जबरदस्त इमोशनल ड्रामा फिल्म है। जिसमें लार्जर दैन लाइफ एक्शन सीक्वेंस है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म की शूटिंग करीब 4-5 महीने के अंदर पूरी हो जाएगी। फिलहाल फिल्म की लीडिंग एक्ट्रेस की तलाश जारी है। जिसे मेकर्स जून महीने के अंत तक फाइनल कर लेंगे। अब देखना ये है कि इस फिल्म का आधिकारिक ऐलान कब होगा। निर्देशक एटली कुमार फिलहाल सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म जवान को डायरेक्ट कर रहे हैं। इसके बाद उनकी अगली फिल्म का अभी तक आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। जबकि, एक्टर वरुण धवन इन दिनों राज एंड डीके की वेब सीरीज सिटाडेल में बिजी हैं। इसके बाद वो निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म बवाल लेकर थियेटर पहुंचेंगे। साथ ही वो भेडिया 2 में भी नजर आने वाले हैं।






## पर्दे पर दिखेगा सारा -विक्की का रोमांस

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल और सारा अली खान जल्द ही लक्ष्मण उतेकर की फिल्म जरा हटके जरा बचके में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म के टाइटल का ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया था। वहीं अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में विक्की कौशल और सारा अली खान पति-पत्नी के किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म में राकेश बेदी, शारिब हाशमी और नीरज सूद भी अहम किरदार में हैं। फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार है। सारा और विक्की दिखाने की कोशिश करते है कि वह एक-दूसरे से नफरत करते हैं और तलाक लेना चाहते हैं। लेकिन दोनों चोरी-छुपे रोमांस करते दिखते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में बताया जाता है कि ये कहानी इंदौर में बसे

फैमिली में रहते हैं। इसके बाद विक्की और सारा शादी के जोड़े में सजे एक दूसरे को माला पहनाते नजर आते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में सभी काफी खुश नजर आते हैं। फिर आता है कहानी में मोड़ कपिल और सौम्या एक-दूसरे से लड़ते हुए और तलाक की ओर बढ़ते हुए दिखाई देते हैं, जिससे उनके परिवार सदमे में आ जाते हैं। हर कोई उनसे सवाल करता है कि क्या गलत हुआ? वे निजी तौर पर प्यार करते हैं लेकिन बाहर दुश्मनी दिखाते हैं। सारा अली खान और विक्की कौशल की साथ में यह पहली फिल्म है। इस फिल्म को जियो स्टूडियो और दिने विजन प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। यह फिल्म 2 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।



## जन्मों-जन्मों तक कटरीना के साथ रहूंगा

फिल्म जरा हटके जरा बचके के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान विक्की कौशल और सारा अली खान ने मीडिया से बात की। इस दौरान एक रिपोर्टर ने विक्की से पूछा कि अगर उन्हें कटरीना कैफ से भी ज्यादा अच्छी लड़की मिल जाए, तो क्या वो उन्हें डिवोर्स दे देंगे? दरअसल, फिल्म जरा हटके जरा बचके में एक ऐसे कपल की की

हैरान रह गए। फिर उन्होंने खुद को संभालते हुए इस सवाल का जवाब दिया और कहा- सर शाम को घर भी जाना है। आप ऐसे टेढ़े सवाल पूछ रहे हो, बच्चा हूं अभी मुझे बड़ा तो होने दो। कैसे जवाब दूं इसका मैं? इतना खतरनाक सवाल पूछा है आपने। इससे जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। विक्की-कटरीना के फैंस उनके इस रिस्पॉन्स को काफी पसंद कर रहे हैं। इस वीडियो पर रिएक्ट करते हुए एक यूजर ने लिखा- विक्की के लिए कटरीना के बाद कोई है ही नहीं। कटरीना ही उनकी जिंदगी का प्यार है। और रही बात कटरीना की बराबरी करने की तो उनसे बेहतर तो दूर की बात है, और कोई उनके जैसा नहीं है। वहीं एक यूजर ने लिखा- बॉलीवुड में कभी भी कटरीना जैसा कोई और नहीं आ सकता। वो अपनी तरह की इकलौती पर्सनैलिटी हैं।

**बार की जगह कटरीना के लिए ट्रे लेकर खड़े हो जाऊंगा**

बातचीत के दौरान विक्की ने ये भी बताया कि कटरीना ने कई बार घर पर बार पीस सेटअप करने की डिमांड की है। विक्की ने कहा- घर के फर्नीचर को लेकर हमारी बातें होती रहती हैं। मैडम (कटरीना) घर पर ही बार पीस सेटअप करना चाहती हैं। मैंने देखा कि इसमें कितना खर्च आएगा और मैं प्राइस टैग देखकर हैरान रह गया। बार-सेटअप करना इतना महंगा है कि इससे अच्छा तो मैं खुद ट्रे लेकर खड़ा हो जाऊं, और ड्रिंक सर्व कर दूं। ये पूरा पीस खरीदने से तो कहीं सस्ता है।

**रियल लाइफ में कटरीना के साथ मैं बहुत खुश हूं**

जब विक्की से ये पूछा गया कि उनकी फिल्मों में उनके कैरेक्टर की फीमेल कैरेक्टर से ज्यादा बनती क्यों नहीं है तो विक्की ने कहा- भगवान हमेशा जिंदगी में बैलेंस बनाकर रखते हैं। मेरी रियल लाइफ में में कटरीना हैं और मैं बहुत खुश हूं तो वहीं रील लाइफ में मेरे कैरेक्टर परेशान रहते हैं। विक्की कौशल और सारा अली खान की अपकमिंग फिल्म जरा हटके जरा बचके के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर हैं। फिल्म में राकेश बेदी, शरीब हाशमी और नीरज सूद भी दिखेंगे। फिल्म 2 जून को बिग स्क्रीन पर रिलीज होगी।



## अजय की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म में हुई ज्योतिका की एंट्री

लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ आर माधवन भी नजर आने वाले हैं। यह गुजराती फिल्म वश का हिंदी रीमेक होगी। इस फिल्म की शूटिंग जून में शुरू होगी। हालांकि अभी तक इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है। इस फिल्म को अजय देवगन प्रोड्यूस भी करेंगे। वहीं अब अजय देवगन की इस सुपरनैचुरल थ्रिलर में आर माधवन के बाद एक साउथ एक्ट्रेस की भी एंट्री हो गई है। इस फिल्म के जरिए एक्ट्रेस ज्योतिका 25 साल बाद हिंदी फिल्मों में वापसी करने जा रही हैं। मेकर्स ने इसका आधिकारिक ऐलान भी कर दिया है। निर्माताओं ने घोषणा की कि साउथ अभिनेत्री ज्योतिका, विकास बहल के निर्देशन में बनने वाली फिल्म में शामिल होने वाली हैं और वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी। आर माधवन, ज्योतिका और अजय देवगन के साथ, इस अनाम फिल्म के लिए दर्शकों की प्रत्याशा बहुत अधिक है। फिल्म का निर्माण अजय देवगन, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा अजय देवगन एफफिल्म और पैनोरमा स्टूडियो के बैनर तले किया जाएगा। फिल्म का निर्देशन विकास बहल करने वाले हैं।

## कंगना रणौत की एरियल एक्शन थ्रिलर तेजस पर आया अपडेट



बॉलीवुड की बेबाक अभिनेत्रियों में शुमार कंगना रणौत अपने बयानों के चलते आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी करण जौहर से उनकी कोल्ड वॉर तो कभी किसी फिल्म पर तंज, यह दोनों ही चीजें कंगना के लिए बहुत आम बात है। जहां अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं, वहीं अब कंगना अपनी दूसरी फिल्म तेजस को लेकर चर्चा में आ गई हैं। वजह तेजस की रिलीज डेट है। जी हां, कंगना रणौत की फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। हालांकि, अभी भी फिल्म की रिलीज की तारीख तय नहीं है पर संभावना जताई जा रही है कि तेजस इस साल जुलाई या सितंबर में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कंगना रणौत की एरियल एक्शन थ्रिलर फिल्म तेजस को लेकर एक अपडेट सामने आया है। फिल्म की शूटिंग इस साल की शुरुआत में ही पूरी हो गई थी। तब से फिल्म की पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम चल रहा था। पिछले काफी समय से फिल्म की रिलीज डेट को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, अब खबर है कि मेकर्स ने तेजस की रिलीज के लिए तारीख तलाशनी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, रॉनी स्क्रूवाला को भरोसा है कि तेजस दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होगी। इसकी कहानी भारतीय वायु सेना पर आधारित है। फिल्म को इस साल जुलाई से सितंबर तक रिलीज करने का प्लान बनाया जा रहा है। फिल्म भारतीय वायु सेना की पहली महिला पायलट की कहानी पर आधारित है। फिल्म में कंगना जबरदस्त एक्शन दिखाती नजर आएंगी।



## एंड्रॉयड कुंजप्पन वर्जन 5.25 के हिंदी रीमेक और सूबेदार में नजर आएंगे अनिल

बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर ने डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर द नाइट मैनेजर की स्ट्रीमिंग में अपनी भूमिका शैलेंद्र रूंगटा उर्फ शैली के लिए शानदार समीक्षा प्राप्त करके 2023 की शुरुआत शानदार की है, जेरेमी रेनर की डिज्नी श्रृंखला, रेनर्वेशन में अतिथि भूमिका निभाई और अंतत: जुग जुग जीयो के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के लिए फिल्मफेयर का पुरस्कार जीता। वहीं अनिल कपूर ने पुष्टि की है कि वह सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित और अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, हाई-ऑक्टेन एक्शन ड्रामा, सुबेदार के लिए शूटिंग करेंगे। अनिल कपूर ने वैराइटी को बताया, मैंने बहुत सारी एक्शन फिल्में की हैं, लेकिन यह एक शुद्ध एक्शन फिल्म है, एक नाटकीय एक्शन फिल्म है। मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। फिलहाल इसके बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया गया है। प्रिंसिपल फोटोग्राफी 15 सितंबर से शुरू होगी। अनिल कपूर ने यह भी पुष्टि की कि वह 2019 में रिलीज मलयालम-भाषा हिट, एंड्रॉइड कुंजप्पन वर्जन 5.25 के हिंदी रीमके में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म एक पिता-पुत्र के रिश्ते के बारे में है, जब एक एआई ह्यूमनॉइड उनके जीवन में प्रवेश करता है तो उनका जीवन कैसे बदल जाता है। अनिल कपूर वर्तमान में संदीप रेड्डी वंगा की एक्शन ड्रामा फिल्म में व्यस्त हैं। इसके अलावा उनकी आगामी फिल्म एनिमल

जिसमें रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण भी हैं जिसका निर्देशन पठान फिल्म निर्माता सिद्धार्थ आनंद द्वारा किया गया हैं। यहां तक कि 66 साल की उम्र में भी अनिल कपूर की डिमांड की

काम करने के बाद, अभिनेता लगातार नई चीजों की कोशिश कर रहे हैं, चुनौती देने और खुद से आगे निकलने की दृष्टि के साथ यह साबित कर रहे है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है।

## क्राइम ड्रामा वेब सीरीज स्कूप में क्राइम रिपोर्टर बनीं करिश्मा

करिश्मा तन्ना की सीरीज स्कूप का ट्रेलर रिलीज हो गया है। हंसल मेहता की इस सीरीज में करिश्मा तन्ना एक क्राइम रिपोर्टर जागृति पाठक के रोल में नजर आएंगी। यह सीरीज 2 जून 2023 को ह्रअ्र प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस क्राइम ड्रामा वेब सीरीज में एक ऐसी महिला जर्नलिस्ट की कहानी दिखाई गई है जो अपने शानदार काम से बॉस का भरोसा जीतती है और कुछ ही सालों में ही कई बार इंक्रिमेंट ले लेती है। इस बीच एक मशहूर पत्रकार जयदेव सेन की हत्या हो जाती है। जिसके लिए करिश्मा को ही मुख्य आरोपी बनाया जाता है। करिश्मा को इस हत्या के मामले मे जेल हो जाती हैं। कुल मिलाकर सीरीज का ट्रेलर थ्रिल और

आया है। उनकी पत्रकारिता की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। स्कूप की कहानी जिग्ना वोरा की किताब बिहाइंड बार्स इन भायखला- माय डेज इन प्रीजन पर आधारित है। इस सीरीज में करिश्मा के अलावा प्रोसेनजीत चटर्जी और हरमन बावेजा भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

